वर्ष- 21 अंक - 281 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 28 मार्च 2026

# अब क्यूबा को आजाद कराऊंगा या करूंगा कब्जा



मियामी ● एजेंसी

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक राजनीति में एक नया मोर्चा खोलने के संकेत दिए हैं। मियामी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा कि ईरान और वेनेजुएला के** बाद अब 'क्यूबा की बारी है'। उन्होंने कहा कि उनके पास क्यूबा के साथ 'कुछ भी' करने की क्षमता है और वे इसे 'आजाद' करने या 'कब्जा' करने का सम्मान प्राप्त करना चाहते हैं। ट्रंप ने हाल ही में वेनेजुएला के राष्ट्रपति का तख्तापलट किया था और अब वे ईरान में जंग लड़ रहे हैं।

## ट्रंप ने होर्मुज को बताया 'स्ट्रेट ऑफ ट्रंप' कहा- मुझे नोबेल नहीं मिला तो...

ट्रंप ने एक बार फिर खुद को पीसमेकर बताते हुए कहा कि अगर उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं मिला तो फिर यह किसी को भी नहीं मिलेगा। अपने चिर-परिचित मजाकिया अंदाज में ट्रंप ने 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को 'स्ट्रेट ऑफ ट्रंप' तक कह दिया। फिर बाद में कहा गलती से निकल गया।



## आज से शुरू होगी आईपीएल की जंग

**बेंगलुरू.एजेंसी।** अमेरिका-ईरान की जंग के बीच आज से भारत में आईपीएल के रूप में क्रिकेट की जंग शुरू हो रही है। आज बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबले से आईपीएल के नए संस्करण का आगाज होगा। 65 दिन तक 10 टीमों के बीच यह जंग चलेगी जिसमें 74 मैच होंगे।

## हैवान पिता ने 2 बेटियों को बांधकर छत से रातभर उल्टा लटकाया एक की मौत

**सांगली.एजेंसी।** महाराष्ट्र में सांगली के बनपुरी गांव में एक पिता ने अपनी ही बेटियों पर अमानवीय अत्याचार करके चोरी के शक में उन्हें पूरी रात उल्टा लटकाए रखा। इस क्रूरता के कारण एक बेटी की मौत हो गई, जबकि दूसरी की हालत गंभीर है।

## उमर ने दी पेट्रोल पंप बंद करने की धमकी

**श्रीनगर.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पेट्रोल संकट को लेकर अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि मजबूर मत करिए नहीं तो पेट्रोल पंप ही बंद करवा दूंगा।

## चट्टान से टकराकर पलटी बस, 5 की मौत, 20 घायल

**भुवनेश्वर.एजेंसी।** ओडिशा के नयागढ़ जिले में एक टूरिस्ट बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा अन्य लोग घायल हो गए। मरने वालों में ड्राइवर के अलावा 4 महिलाएं शामिल हैं। बस सड़क किनारे मौजूद एक विशाल चट्टान से जा टकराई और फिर पलट गई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि कई यात्री बस से बाहर जा गिरे, जबकि 10 से ज्यादा लोग बस के नीचे फंस गए।

## ईरान के हमले में 12 अमेरिकी सैनिक घायल, रिफ्यूलिंग विमान तबाह

**शनिवार.एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले में 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए। इस हमले में अमेरिकी वायुसेना के विमान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली गिरफ्तार

### प्रधानमंत्री बनते ही एक्शन में आए बालेन शाह

**काठमांडू.एजेंसी।** नेपाल में नई सरकार बनते ही सियासी हलचल तेज हो गई है। प्रधानमंत्री बालेन के नेतृत्व में बनी सरकार ने शपथ लेने के 24 घंटे के भीतर ही बड़ा और सख्त फैसला लेते हुए पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई जेन-जी प्रदर्शन के दौरान छात्रों की मौत के मामले में की गई है, जिसमें इन दोनों नेताओं को जिम्मेदार ठहराया गया था।



सुबह तड़के सबसे पहले पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को हिरासत में लिया गया और उसके कुछ समय बाद पूर्व प्रधानमंत्री ओली को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद केपी शर्मा ओली को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## पेट्रोल सस्ता नहीं हुआ पर महंगा होने से बचा

**शनिवार.एजेंसी।** कल सुबह-सुबह यह खबर आई थी कि सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले टैक्स में 10 रुपए की कटौती की है जिससे पेट्रोल-डीजल सस्ता होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बताया जाता है कि तेल कंपनियां पेट्रोल-डीजल के दाम में 10 रुपए की वृद्धि करना चाहती थी। सरकार ने इस वृद्धि को रोकने के लिए तेल कंपनियों को 10 रुपए की राहत दे दी ताकि आम जनता पर 10 रुपए का बोझ न पड़े।

## भाजपा ने दी कांग्रेस को बड़ी राहत, फिलहाल खाली नहीं करना पड़ेगा 24 अकबर रोड बंगला

**नई दिल्ली.एजेंसी।** कांग्रेस को दिल्ली स्थित अपने ऐतिहासिक मुख्यालय 24 अकबर रोड बंगाले को लेकर फिलहाल राहत मिल गई है। पार्टी को कुछ महीनों के लिए इस परिसर में बने रहने की अनुमति मिल गई है भाजपा के नेताओं के साथ हुई अनौपचारिक चर्चा के बाद कांग्रेस को अगले कुछ महीनों के लिए इस बंगले में बने रहने का 'एक्सटेंशन' मिल गया है। पिछले दिनों कांग्रेस को यह बंगला खाली करने का नोटिस मिला था।

# गणगौर मेले में सांप्रदायिक तनाव जमकर पथराव, कई घायल

जोधपुर ● एजेंसी

राजस्थान के दूसरे सबसे बड़े शहर जोधपुर में गणगौर के भोलावनी मेले के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मामूली विवाद ने देखते ही देखते सांप्रदायिक तनाव का रूप ले लिया और देखते ही देखते पथराव शुरू हो गया। यहां मकराना मोहल्ला (लायकान) क्षेत्र में महिलाएं मेले के लिए जा रही थीं, तभी दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर भीड़ में घुस आए और महिलाओं से टकरा गए। युवकों ने महिलाओं के गहने छीनने की कोशिश की। आरोपी युवक वहां से भाग निकले। दोनों युवक अपने साथ दर्जनभर युवकों को लेकर वापस लौटे। इसके बाद अचानक भीड़ पर पथराव शुरू कर दिया गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और इलाके में जमकर पत्थरबाजी होने लगी। इस दौरान कई लोग इधर-उधर भागते नजर आए और क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पत्थरबाजी में कई लोग घायल हो गए।



## तेजस्वी के बेटे संग खेलते दिखे तेज प्रताप

**पटना.एजेंसी।** सोशल मीडिया पर लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव का एक नया वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह अपने भतीजे याने भाई तेजस्वी यादव के बेटे ईराज के साथ खेलते और स्नेह लुटाते नजर आ रहे हैं। वीडियो के सामने आते ही लोग इसे सिर्फ एक पारिवारिक पल नहीं, बल्कि रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने के संकेत के तौर पर भी देखने लगे हैं।

## कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं भाजपा के 5-6 बड़े चेहरे

**देहरादून.एजेंसी। उत्तराखंड की राजनीति में आज एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। दिल्ली में बीजेपी और निर्दलीय पृष्ठभूमि के 5 से 6 बड़े नेता कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं। यह जॉइनिंग 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस की ताकत बढ़ाने की कोशिश का हिस्सा मानी जा रही है।**




# भाजपा के पूर्व पार्षद के खिलाफ हुआ प्रकरण दर्ज

## मामला डामरीकरण के फोटो खेंचने के विवाद का, भंडारा में तू-तड़ाक के बाद हाथापाई की नौबत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





विधानसभा 1 के वार्ड 9 के रघुवंशी कालोनी जो बाणगंगा थाना क्षेत्र में आती है। वहां राम नवमी के एक दिन पहले राम मंदिर में राम नवमी पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत ना हो इसलिए पार्षद ने डामरीकरण का काम कराया। पूर्व पार्षद पर अंगुलियां उठी कि उन्होंने भेदभाव तरीके से डमरीकरण में हस्तक्षेप किया और इस मामले में पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद के बीच भी बहस होने की बात अशोक रघुवंशी ने सिटी ब्लास्ट को बताई। डामरीकरण जब किया जा रहा था, जगह छोड़ी जा रही थी तब उसका वीडियो फोटो पत्रकार अशोक रघुवंशी ने बनाया। एक दिन पहले का मामला जैसे-तैसे ठंडा हुआ और कल जब राम नवमी पर रघुवंशी कालोनी में भंडारा शाम को चल रहा था उस समय पूर्व पार्षद राजेन्द्र रघुवंशी के भतीजे गोलू रघुवंशी ने अशोक रघुवंशी पर कटाक्ष किया कि बहुत वीडियो बना रहा है इस पर बहस हुई और बहसबाजी में हाथापाई की नौबत भी आ गई और जब मामला पूर्व पार्षद राजेन्द्र रघुवंशी के समक्ष पहुंचा तो उन्होंने भी गोलू का पक्ष लिया और अशोक से अभद्रता की। अशोक पिता रामनारायण रघुवंशी निवासी रघुवंशी कालोनी ने पुलिस बाणगंगा में शिकायत दर्ज कराई कि उसे गोलू पिता ओम रघुवंशी निवासी रघुवंशी कालोनी ने गाली-गलौच कर हाथापाई की, जिससे उसका शर्ट भी फटा और गोलू का साथ देने पूर्व पार्षद राजेन्द्र रघुवंशी भी संगमत हो गए और इसी के चलते अशोक रघुवंशी को पूर्व पार्षद ने भी डपटा। चाचा-भतीजा पूर्व पार्षद राजेन्द्र पिता गोपाल रघुवंशी और गोलू पिता ओम रघुवंशी के खिलाफ फरियादी अशोक पिता रामनारायण रघुवंशी ने बाणगंगा थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भाजपा के पूर्व पार्षद के खिलाफ प्रकरण भी दर्ज कर लिया।



# सोडानी परिवार के राम नवमी आयोजन में की विधायक ने शिरकत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



माहेश्वरी समाज से जुड़े अजय सोडानी ने विश्वकर्मा नगर में इस वर्ष भी राम नवमी का पर्व बड़े रूप में आयोजित किया। श्रीराम मंदिर और हनुमानजी के मंदिर में विशेष श्रृंगार भी किया गया और छप्पन भोग लगाने के साथ महाआरती और प्रसादी का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाजजन के अलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे। राजनेताओं का भी जमावड़ा रहा। आरती के दौरान विधायक मालिनी गौड़, संत दादू महाराज, कथा वाचक मयंक व्यास, अजय सोडानी, माहेश्वरी समाज के पूर्व अध्यक्ष राजेश मूंगड़, अशोक डागा, अजय सारड़ा, चेतन नागोरी, दिनेश चितलांग्या, घनश्याम झंवर, मनोज कुइया, प्रकाश अजमेरा सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन में राम हूरकट ने करीब 3 घंटे तक कीर्तन की प्रस्तुतियां दी। मंच से संतों का सम्मान भी किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, युवा मोर्चा के सौगात मिश्रा सहित अन्य ने भी शिरकत की।

## विमानतल पर टर्मिनल का लोकार्पण कल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल के टर्मिनल-1 का उद्घाटन कल रविवार 29 मार्च की सुबह 10 बजे विमानतल पर परिसर में किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद शंकर लालवानी की मौजूदगी में यह आयोजन होगा।

# निगम ने मेट्रो रेल कार्पोरेशन से मांगे डेढ़ करोड़

## शिवाजी मार्केट और मल्हारगंज की दुकान हटाने का मामला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया गया है। यह काम शहर के मध्य क्षेत्र में तेजी से चल रहा है। अंडरग्राउंड मेट्रो खुदाई की तैयारी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा जारी है इसमें नगर निगम की मार्केट, पुलिस थाना, दुकानें सहित अन्य निर्माण बाधक बन रहे हैं, जिसको हटाने का काम आगामी दिनों में किया जाना है।

वर्तमान में नगर निगम मुख्यालय के पास मराठी स्कूल परिसर के पीछे अंडरग्राउंड मेट्रो की खुदाई रास्ता तैयार किया जा रहा है। आगामी समय में यहां टनल बोरिंग मशीन के माध्यम से खुदाई की जाएगी। इस काम में नगर निगम का शिवाजी मार्केट हटाया जाएगा फिलहाल मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने जितनी जमीन की आवश्यकता है उतना मार्केट हटाने के लिए निगम से आग्रह किया है, ताकि काम जारी रहे। वर्तमान में ठीक शिवाजी मार्केट के सामने खुदाई का काम किया जा रहा है।

इधर नगर निगम द्वारा शिवाजी मार्केट की जमीन देने पर सहमति बन गई है साथ ही शिवाजी मार्केट हटाने को लेकर भी प्रक्रिया तेजी से चल रही है यहां की सभी 125 दुकान हटाई जाएगी। फिलहाल नगर निगम ने मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से डेढ़ करोड रुपए की राशि की डिमांड की है। इसके साथ ही मल्हारगंज थाना और यहां बनी दुकान हटाई जानी है। लगभग पांच दुकानें मल्हारगंज थाने की बाउंड्रीवॉल से लगी हुई जिन्हें हटाया जाएगा। इस दौरान नगर निगम एवं मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी मेट्रो निर्माण के दौरान किसी भी रहवासी के मकान को नहीं हटाया जाएगा ना ही शिफ्ट किया जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि शिवाजी मार्केट पर रिवरफ्रंट डेवलप करने की योजना पिछले साल बनाई गई थी लेकिन मार्केट हटाने में विलंब हो रहा है। सभी जायज दुकानदारों के लिए नंदलालपुरा सब्जी मंडी के पास बनाए गए मार्केट में दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही दुकानों का आवंटन पूरा होता है मार्केट हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल मेट्रो ने जो जमीन मांगी है उसके लिए कुछ दुकानें हटाई जाएगी जिसकी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।





## राजनेताओं को मिला भगवान की नवमी पर मौका

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कल राम नवमी पर राजनेताओं को आरती, प्रसादी, जुलूस और भंडारे में पूरा मौका मिला। छावनी क्षेत्र में आयोजित धार्मिक स्थल पर विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद मृदुल अग्रवाल, रितेश शर्मा, अशोक चौहान सहित अन्य पहुंचे। वहीं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने रघुवंशी कालोनी स्थित श्रीराम मंदिर में शिरकत की। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भाजपाई मौजूद रहे।

महावीर जयंती एवं हनुमान जयंती के पावन अवसर पर
शानदार फुल फर्निश्ड
नया बंगला खरीदें
एयरपोर्ट के सामने शानदार कॉलोनी
सौभाग्य स्टेट में 22X50 के पूर्व मुखी प्लॉट
पर 2800 स्के.फीट ए-क्लास कंस्ट्रक्शन
फुल फर्निश्ड, वास्तु अनुरूप बना हुआ
संपर्क करें - पवन जैन एंड एसोसिएट्स बिल्डर्स एंड ब्रोकर्स
98270-10072, 98272-10777
ऑफिस : बड़ा गणपति के आगे 19/9, महावीर बाग एरोड्रम रोड़, इंदौर

# कांग्रेस के 8 ब्लॉक की कल बैठक में बन जाएंगे पदाधिकारी

## अलग-अलग समय अलग-अलग जगह पर होगी पद को लेकर चर्चा के बाद निर्णय

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे लगातार संगठन को मजबूत करने में लगे हैं। 24 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। अब इन 24 ही ब्लॉक में पदाधिकारियों का गठन किया जाना है इसकी शुरूआत अब कल 8 ब्लॉक से होगी। कल विधानसभा 5 के 3 ब्लॉक, 4 के 1 ब्लॉक, 2 के 4 ब्लॉक की बैठक आयोजित की गई है। चिंटू चौकसे ने बताया कि कल सुबह 11 बजे विधानसभा 4 के 1 ब्लॉक से बैठक की शुरूआत होगी। हर एक घंटे के बाद ब्लॉक बैठकें होगी, दोपहर में बैठकों में अन्तराल होगा और दूसरे नम्बर पर विधानसभा 5 के 3 ब्लॉक आएंगे और सबसे आखिरी विधानसभा 2 के ब्लॉक की बैठक होगी, जो देर रात तक चलेगी। चौकसे के मुताबिक जिन ब्लॉक की बैठक होगी उन ब्लॉक में पदाधिकारी भी बना दिए जाएंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि ब्लॉक में पदाधिकारियों का निर्णय ले लिया गया है और कल ब्लॉक पदाधिकारियों को भी बुलवाया गया है। सभी पदाधिकारियों से कल बैठक में स्पष्ट पूछा जाएगा कि उन्हें ब्लॉक में पदाधिकारी बना रहे हैं वे समय दे पाएंगे या नहीं, जो समय अभाव बताएंगे उन्हें पदाधिकारी नहीं बनाया जाएगा। संगठन को समय देने वाले कांग्रेसियों को ही पदाधिकारियों की स्वीकृति दी जाएगी। चिंटू चौकसे ने कहा कि अब काम कागजों पर नहीं चलेगा इसलिए सभी की स्वीकृति लेकर ही पदाधिकारी बनाए जाएंगे। कुल मिलाकर कल कांग्रेस 8 ब्लॉक के पदाधिकारियों की घोषणा कर देगी। कांग्रेस इसके बाद बचे हुए मंडलम अध्यक्ष, प्रभारी, महिला प्रभारी की नियुक्तियां करेगी और उसके बाद ब्लॉक की तर्ज पर ही मंडलम की बैठक कर वहां भी पदाधिकारी बनाए जाएंगे और उसके बाद बूथ स्तर पर और मोहल्ला समितियों तक कांग्रेस काम करेगी।

# बिजली दर की वृद्धि से व्यापार पर पड़ेगा प्रभाव-कांग्रेस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उद्योग व व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरविन्द बागड़ी ने कहा म.प्र में 1 अप्रैल से बिजली दरें 4.80% बढ़ने से आम जनता और उद्योगों पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा। औद्योगिक खपत के लिए दरें 5.90-6.10 रुपये से बढ़कर 6.402-6.60 रुपये प्रति यूनिट हो गई हैं। इससे उत्पादन लागत बढ़ेगी, जिससे तैयार माल महंगा हो सकता है और छोटे उद्योग प्रभावित होंगे। इससे व्यापरिक क्षेत्र में 151 यूनिट से ज्यादा खपत करने वाले व्यावसायिक उपभोक्ताओं को फिक्स्ड चार्ज (28 से बढ़ाकर 30 प्रति 0.1 किलोवॉट) में बढ़ोतरी से महंगा बिल मिलेगा। व्यापारी और उद्योगों की भी बिजली दरें बढ़ाने के फैसले का विरोध कर रहे हैं, उनका मानना है कि यह उनके व्यवसाय की कमर तोड़ देगा। आर्थिक मंदी की मार झेल रहे उद्योगों को बिजली की दरें बढ़ने से एक और झटका लगा है उद्योग बीमार होकर बंद हो जाएंगे। सरकार उद्योगों के हित में तत्काल विद्युत दरों में हुई वृद्धि को वापस ले नहीं तो उद्योगों का चलना मुश्किल हो जाएगा और बेरोजगारी बढ़ेगी। उद्योगपति संजय पटवर्धन ने कहा उत्पादन लागत बढ़ जाने से माल को बेचने में दिक्कत आ सकती है, तैयार माल का प्रदेश में बाजार न होने से ट्रांसपोर्ट लागत ज्यादा आती है, यदि बिजली की दरें कम नहीं की गई तो मध्यप्रदेश के उद्योग प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाएंगे और धीरे-धीरे बन्द होने की कगार पर आ जाएंगे, जिसका राज्य के विकास में असर पड़ेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से राज्य व उद्योगों के हित में विद्युत दरों में वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

# नेताओं को उम्मीद...अधिकारियों की शिकायत करेंगे तो 'सीधी' जैसा एक्शन लेंगे सीएम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दशहरा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक भी शहर के जनप्रतिनिधियों की हो चुकी है जिसमें उन्होंने अधिकारियों के रवैये को लेकर नाराजगी जताई और इसकी शिकायत सीएम से करने का मन बना लिया है। उन्हें उम्मीद है कि सीएम सीधी जैसे एक्शन ले सकते है।

बीते दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीधी में अचानक औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होने जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद किया था जहां उन्हें जिला प्रशासन के अधिकारियों की फीडबैक में शिकायतें प्राप्त हुई जिसके बाद उन्होने एक्शन लिया और सीधी कलेक्टर एवं गुना एसपी को हटाया गया। सीएम के इस एक्शन के बाद अब शहर के जनप्रतिनिधियों में उम्मीद जाग गई है कि अगर वे भी अफसरों की शिकायत सीएम को करेंगे तो उन पर एक्शन हो सकता है। हालांकि इस मामले में शहर के एक कद्दावर मंत्री पहले ही अफसरों के रवैयों पर भोपाल तक आवाज उठा चुके है लेकिन कोई एक्शन अधिकारियों पर सीएम द्वारा नहीं लिया गया था। अब लगभग शहर के सभी जनप्रतिनिधि इस बात पर एकजुट नजर आ रहे है कि अधिकारी उनसे तालमेल नहीं बैठाते है, सुनवाई भी नहीं होती है, तैयारियों को लेकर हुई बैठक के बाद यह तय किया गया है कि अधिकारियों के रवैये की शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी। हालांकि इसका कितना असर होगा यह तो कहना मुश्किल है, लेकिन जनप्रतिनिधियों के एकजुट होने का असर को नेता अब उम्मीद के रूप में देख रहे है। सूत्रों के मुताबिक बीते दिनों एक विधायक का जरुरत पड़ने पर अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया था जिस पर वे ज्यादा नाराज थे।

**अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी में लगभग सभी जनप्रतिनिधि एकजुट**

# बर्तन बाजार का रोड कल निगम ने कर दिया साफ-सुथरा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कल शहर के मध्य बर्तन बाजार के दो प्रमुख क्षेत्र महावीर मार्ग और कसेरा बाजार में निगम टीम ने यातायात सुचारू करने और रोड पर सामान रखने को लेकर पहले चेतावनी दी और फिर सामान जब्त करने की बात की तो दोनों मार्ग पर हड़कम्प मच गया। कसेरा बाजार के व्यापारी का सामान बाहर रोड तक ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए रखा हुआ था और उधर पिपली बाजार पर कई दुकानों की यही स्थिति थी और थोक दुकानों के बाहर बंडल रखे हुए थे। निगम की सख्ती से कल दोपहर बाद दोनों बाजार के बर्तन व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। करीब डेढ़ घंटे तक निगम ने सामान हटवाने की कार्रवाई की। व्यापारी यही चाहते थे कि रोड का सामान हटवा दें, लेकिन जो ओटले हैं उन पर सामान लगा रहने दें। इधर निगम सूत्रों का कहना है कि अगर व्यापारी नहीं मानेंगे तो हम ओटले व सायबान भी हटवा देंगे, क्योंकि हमारा लक्ष्य गटरों को भी कब्जे से मुक्त कराना है। निगम का कहना है कि यह मुहिम अभी भी जारी रहेगी। इधर व्यापारियों का कहना है कि अगर निगम ने फिर सख्ती की तो वे बाजार बंद करा देंगे। बताया गया कि सिलावटपुरा से रामनवमी का जुलूस कल शहर के मध्य निकला था। यह जुलूस बर्तन बाजार में भी जाना था। निगम ने इसीलिए यह कार्रवाई कल की।

**व्यापारियों ने लगाई गुहार कि ओटले पर तो रखने दो बर्तन**

# गिल को लेकर कांग्रेसियों ने उठाई सोशल मीडिया पर अंगुलियां

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस के समन्वयक बनाए गए गुरजोतसिंह गिल को लेकर कांग्रेसियों ने सोशल मीडिया पर कल लिखना शुरू कर दिया। छात्र नेता रहे गिल का इन दिनों कांग्रेस के गांधी भवन में आना-जाना नहीं है यह भी लिखा गया, कांग्रेसियों ने लिखा कि वे गांधी भवन नहीं आते हैं, किसी धरना, प्रदर्शन, जयंती, पुण्यतिथि के आयोजन में भी नहीं पहुंचते हैं। कुछ कांग्रेसियों ने सोशल मीडिया पर कमेंट्स भी किए और लिखा कि इन समन्वयक का फोटो तो एक बार सोशल मीडिया पर डालो देखे कि कौन है। कुछ कांग्रेसियों ने यह भी लिखा कि समन्वयक का पद बड़ा होता है। किसी बड़े नेता को उपकृत करने के लिए यह बड़ा पद देना जरूरी नहीं था। समन्वयक का काम होता है नए-पुराने कांग्रेसियों के बीच सेतु का काम करना, नाराज लोगों को पटरी पर लाकर संगठन में काम करवाना। कुछ लोगों ने यह भी लिखा कि हम गिल को जानते हैं वे फोन भी नहीं उठाते हैं। कांग्रेसियों ने यह भी लिखा कि अब दो समन्वयक और बनाए जाना है वे भी कांग्रेस विचार कर बनाए, किसी बड़े नेताओं को उपकृत करने के बजाए मजबूत कार्यकर्ताओं को बनाए। पहले ही शहर कांग्रेस में पदाधिकारियों की कमी है, केवल 51 पदाधिकारी बने हैं। ऐसे में जो अब नियुक्तियां हो रही है उनमें से सोच समझकर बनाए जाए।



# खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने पहुंचे विधायक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** संस्था श्री योगेश्वर द्वारा वल्लभ नगर काम्पलेक्स मैदान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय संध्या कालीन कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ करने विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया, निशांत खरे, मुकेश राजावत पहुंचे। खिलाड़ियों से परिचय लेकर उन्हें तिलक भी लगाया गया। संस्था के गोविंदसिंह गेहलोत, राजू साहुकार सहित अन्य भी मौजूद थे।



# किसान मेला आयोजित होगा-मंत्री कंसाना

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कडी में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एंदलसिंह कंसाना ने सांवेर के ग्राम अरण्या में निजी कोल्ड स्टोरेज शुभारम्भ कार्यक्रम में कहा कि किसान कल्याण क़े लिए किसान मेला आयोजित किया जाएगा जिसमें देश और प्रदेश के वैज्ञानिक उन्नत खेती के लिए प्रशिक्षण देंगे। सांवेर-गवला मार्ग पर 5 करोड की लागत से पुल बनाया जाएगा।

# जैन समाज के दोनों अध्यक्ष जुलूस मार्ग का पुलिस के साथ करेंगे दौरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दिगम्बर जैन समाज भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव 30 मार्च को मना रहा है। सुबह से अलग-अलग मंदिरों में आयोजन होंगे। कई मंदिरों में संतों के प्रवचन भी जैन समाजजनों को धार्मिक लाभ के रूप में मिलेंगे। इधर सामाजिक संसद के दोनों अध्यक्ष विनय बाकलीवाल और आनन्द गोधा ने संयुक्त रूप से कांच मंदिर हुकुमचंद मार्ग से दोपहर 1.30 बजे निकलने वाले जुलूस की स्वीकृति के लिए पुलिस को आवेदन दे रखा है। संभावना है कि आज या कल में पुलिस के साथ दोनों अध्यक्ष और समाजजन जुलूस मार्ग का अवलोकन करेंगे। जुलूस मार्ग में खासतौर से टोरी कार्नर से एमजी रोड पर मेट्रो ट्रेन को लेकर जगह की दिक्कत है और खासतौर से जैन समाज इस जुलूस में झांकियां भी रखेंगे जो ट्रालों पर होंगी। बड़ी संख्या में जैन समाजजन इस जुलूस में शामिल होते हैं और अभी

**सूर्यास्त के पूर्व अभिषेक और कलश के बाद दो जगह रहेगी भोजन की व्यवस्था**

भी यही संभावना है कि जुलूस में महिला, पुरुष, बुजुर्ग, युवा और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस मेट्रो वाले मार्ग पर पार्टिशन किया गया है, फिर भी जैन समाजजनों की कोशिश है कि हम ट्राला और झांकी यहां से निकाल लेंगे और हम पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर यह यात्रा निकालेंगे। विनय बाकलीवाल और आनन्द गोधा ने बताया कि हमारी पूरी कोशिश है कि हम परम्परागत जुलूस मार्ग से ही निकालेंगे और सभी झांकियां भी शामिल रहे। जुलूस वापस कांच मंदिर पहुंचेगा तो वहां संतों की मौजूदगी में सूर्यास्त के पूर्व अभिषेक और कलश भी किए जाएंगे। इस बार भी भोजन की व्यवस्था दो जगह रखी है। इतवारिया बाजार और खालसा स्टेडियम में भोजन रखा गया है, जो लोग सूर्यास्त के पूर्व भोजन करते हैं उनके लिए सूर्यास्त पूर्व भोजन की व्यवस्था भी की गई है। बाकलीवाल-गोधा ने बताया कि पुलिस प्रशासन के साथ जुलूस मार्ग का निरीक्षण संभवतः आज होगा। अगर किसी कारण से आज नहीं होगा तो कल दौरा किया जाएगा और पुलिस उसी आधार पर जुलूस की स्वीकृति भी देगी।



## क्लब ने दी गीतों की प्रस्तुति

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। स्टार फेन क्लब ने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति एकल और डबल भी दी। कार्यक्रम में कई अतिथि भी थे। गायकों ने गीतों की प्रस्तुतियां दी।

## पेट्रोल-डीजल पर क्रेन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती सीएम ने जताया पीएम का आभार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम एशिया में इन दिनों हो रही भारी उथल-पुथल के बीच भारत सरकार द्वारा घरेलू खपत के लिए डीजल-पेट्रोल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर कटौती और डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर एवं हवाई ईंधन (एटीएफ) पर 29.5 रुपये प्रति लीटर शुल्क लगाये जाने का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार का यह निर्णय पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने में बेहद महत्वपूर्ण है। इससे वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का असर भारतीय उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा और घरेलू खपत के लिए इन उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

# भट्टी का उपयोग चाय-नाश्ता दुकानों पर बढ़ा शुरूआत में कम जगह आ रही थी नजर





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कमर्शियल गैस सिलेण्डर की उपलब्धता कम होने के कारण शहर के रेस्टोरेंट, चाय और नाश्ता की दुकानों पर अब कोयला भट्टी, डीजल भट्टी और इंडक्शन का उपयोग बढ़ने लगा है। शुरूआत में चुनिंदा दुकानों पर ही भट्टी नजर आती थी लेकिन अब कई दुकानों पर भट्टियां नजर आने लगी है। दरअसल शुरूआत में दुकानदारों के पास कमर्शियल गैस का स्टॉक था लेकिन बाद में उपलब्धता नहीं होने के कारण उन्हें कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिले जिसके बाद दुकानदारों ने भट्टी और अन्य संसाधनों का उपयोग बढ़ाया। अब शहर में कई दुकानों पर भट्टियां नजर आने लगी है।

## कैथोलिक समाज मनाएगा कल खजूर रविवार

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कैथोलिक समाज चालीसा काल के दौरान कल जहां छठा शुक्रवार मनाया गया। वहीं कल रविवार को खजूर रविवार मनाया जाएगा। 3 अप्रैल को गुड फ्रायडे मनाया जाएगा। उक्त जानकारी फादर अन्थोनी स्वामी और बीए अलवारिस ने दी।

## 1 अप्रैल से होंगे अग्निवीर भर्ती के लिए आनलाइन पंजीयन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अग्निवीर भर्ती रैली वर्ष 2027 के अंतर्गत भारतीय सेना में योग्य युवाओं के चयन हेतु इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में भर्ती रैली आयोजित की जानी है। इस भर्ती प्रक्रिया का दायित्व सेना भर्ती कार्यालय महू को सौंपा गया है। वर्ष-2027 के लिए अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 1 अप्रैल तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है।

# न्याय की भर्ती या अन्याय की शुरुआत, अधिवक्ता ने उठाए विज्ञापन पर सवाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मध्य प्रदेश में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भर्ती का विज्ञापन, जिसे एमपीपीएससी द्वारा जारी किया गया है, अब केवल एक भर्ती प्रक्रिया नहीं रह गया है, बल्कि यह न्याय, समान अवसर और संवैधानिक मूल्यों की परीक्षा बन चुका है। लार्ड हेवर ने कहा था कि न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। यह सिद्धांत हमारी न्याय व्यवस्था की आत्मा है, लेकिन जब न्याय के प्रतिनिधियों की भर्ती ही सवालों के घेरे में हो तो यह सिद्धांत खोखला प्रतीत होने लगता है। पहला और सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि पूरे राज्य के लिए मात्र 17 पद, क्या यह वही राज्य है जहां न्यायालयों में मामलों का अंबार लगा है जहां अभियोजन तंत्र पहले से ही दबाव में है? इतने सीमित पद न केवल प्रशासनिक असंवेदनशीलता को दर्शाते हैं, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि अवसरों का दायरा अनावश्यक रूप से सीमित किया जा रहा है। सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू है 25 हजार का विलंब शुल्क। यह कोई साधारण शुल्क नहीं, बल्कि एक ऐसी आर्थिक बाधा है जो समान अवसर के सिद्धांत को सीधे चुनौती देती है। समानता का अधिकार केवल कागज़ पर नहीं, बल्कि अवसरों में भी प्रतिबिंबित होते हुए



दिखना चाहिए, यदि एक अभ्यर्थी केवल आर्थिक कारणों से आवेदन नहीं कर सकता, तो यह प्रणाली किसके लिए बनाई जा रही है? और सबसे अन्यायपूर्ण पहलू कि अंतिम वर्ष के विधि छात्रों का बहिष्कार। हजारों छात्र, जो इस वर्ष अपनी डिग्री पूर्ण करने वाले हैं, केवल तकनीकी आधार पर इस अवसर से वंचित कर दिए गए हैं जबकि देश की अन्य परीक्षाओं में अंतिम वर्ष के छात्रों को अंडरटेकिंग के आधार पर आवेदन की अनुमति दी जाती है। युवा अवसर नहीं मांगते, उन्हें केवल निष्पक्ष मौका चाहिए। यह निर्णय न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि प्रतिभा के साथ अन्याय भी है। इस संदर्भ में डॉ. बीआर अम्बेडकर का यह कथन कि संविधान केवल राजनीतिक लोकतंत्र नहीं देता, बल्कि सामाजिक और आर्थिक समानता भी सुनिश्चित करने का उद्देश्य रखता है, अत्यंत प्रासंगिक है। यदि आर्थिक आधार पर ही अभ्यर्थियों को बाहर किया जाएगा तो यह समानता का सिद्धांत केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा। इसके अतिरिक्त, विज्ञापन में दी गई प्राथमिकता की शर्तें भी अस्पष्ट हैं। प्रथम श्रेणी या अनुभव को वरीयता दी जाएगी, पर यह स्पष्ट नहीं है कि यह वरीयता किस प्रकार लागू होगी। जब नियम स्पष्ट नहीं होंगे, तो चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित होगी? अभियोजन अधिकारी केवल एक पद नहीं, बल्कि राज्य की ओर से न्याय का चेहरा होता है। यदि उसकी भर्ती प्रक्रिया ही अपारदर्शी, असमान और आर्थिक रूप से भेदभावपूर्ण होगी, तो न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। अब समय है कि संबंधित प्राधिकरण इस पर गंभीरता से विचार करे और 25 हजार का विलंब शुल्क तुरंत युक्तिसंगत बनाया जाए,अंतिम वर्ष के छात्रों को आवेदन की अनुमति दी जाए और चयन प्रक्रिया को स्पष्ट व पारदर्शी किया जाए अन्यथा, यह केवल एक भर्ती प्रक्रिया की कमी नहीं होगी बल्कि यह न्याय के मूल सिद्धांतों से समझौता होगा और जहां अवसर सीमित और शर्तें असमान हों, वहां प्रतिभा नहीं, व्यवस्था हारती है।



## सिंधी समाजजन रहे भंडारा में मौजूद

इंदौर। साधु वासवानी नगर उद्यान में सिंधी समाजजनों ने संस्था के बैनर तले भंडारा का आयोजन किया। यह भंडारा राम नवमी और चेटीचंड पर्व को लेकर किया गया था। विधायक मालिनी गौड़ भी मौजूद रही।



## पुलिस का वाहनों पर लॉक लगाने की कार्रवाई जारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सुगम यातायात को लेकर यातायात पुलिस लगातार व्यवस्था ठीक करने की कोशिश करती है। 19 फरवरी से लेकर 27 मार्च तक पुलिस ने इस यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नो पार्किंग में 4 हजार 636 वाहनों पर व्हील लॉक की कार्रवाई की। गलत दिशा में खड़े और गलत पार्क किए गए वाहनों को भी पुलिस ने इन सवा माह में हटाकर यातायात को ठीक किया।



# मानवता नगर में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर उद्यान के पास शुरू होंगे सौंदर्यकरण के कई काम

### उद्यान के आसपास एवं मकान नं. 123 से 182 तक होगा ब्लॉक लगाने का कार्य

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 76 में मानवता नगर के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर उद्यान के आसपास और मकान नंबर 123 से 182 तक आकर्षक ब्लाक लगाकर सौंदर्यकरण के कई काम शुरू करना है। जिसके लिए निगम द्वारा यहां लंबे प्रयास के बाद अब जाकर मंदिर के पास वाले बगीचे में सजाने-संवारने के काम शुरू करना है। जिसको लेकर निगम द्वारा टेंडर संबधित तमाम प्रोसेस और प्रक्रिया पूरी कर अगले माह जल्द काम शुरू करने की तैयारी है।

मंदिर के आसपास बारिश से पहले कीचड़ से मिलेगी राहत

मानवता नगर हनुमान मंदिर के आसपास रहने वाले देवासी परिवार एमएस गवली, आरएस सिंगल, दिलीप मांजरेकर, नवीन यादव का कहना है कि मंदिर और कालोनी के आसपास के बड़े हिस्से में अभी स्थिति यह है कि ब्लॉक नहीं लगे होने से बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कीचड़ के कारण बगीचे में आने जाने वाले और मंदिर जाने वालों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। वही क्षेत्रीय पार्षद और निगम के प्रयासों से पहली बार पूरे क्षेत्र में सौंदर्यकरण के काम होने और खूबसूरती के लिए मंदिर और बगीचे के साथ लोगों के घरों के सामने भी ब्लाक लगाकर सजाने - संवारने के कार्य करने से लोगों में दोहरी खुशी है।

# घर के पास से गुजर रही पीएनजी पाइप लाइन, तो लेना पड़ेगा गैस कनेक्शन



### कनेक्शन लेने में अगर की आनाकानी तो एलपीजी की टंकी भी नहीं मिलेगी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** केंद्र सरकार के नए नियम के अनुसार अब अगर आपके घर के पास पीएनजी गैस पाइपलाइन आ गई है और आपने पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया है, और कंपनी द्वारा आपको जानकारी देने के बाद भी आपने कनेक्शन लेने में आनाकानी की तो अगले 3 महीने में आपके घर आने वाला एलपीजी सिलेंडर भी बंद कर दिया जाएगा। दरसअल पिछले कई दिनों से जारी युद्ध और गैस की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा नेचुरल गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर 2026 के तहत कुछ नए नियम लागू किए गए है।

यही नहीं नए नियम के अनुसार अब पाइप वाली गैस पीएनजी का कनेक्शन लेना सभी के लिए अनिवार्य होगा। हालांकि, इसके लिए पहले बकायदा आपको नोटिस दिया जाएगा। वहीं सूचना मिलने के बाद भी अगर कोई कनेक्शन नहीं लेता है और कनेक्शन लेने में आनाकानी करता है तो 90 दिन बाद सरकार द्वारा उसकी एलपीजी सप्लाई रोक दी जाएगी। साथ ही सोसाइटियों को भी 3 दिन में पाइपलाइन की मंजूरी देनी होगी।

#### सोसाइटियों पर भी लागू होंगे नए नियम:3 दिन के भीतर देना होगी मंजूरी

अक्सर यह बात सामने आती है कि कई बार हाउसिंग सोसायटियों या रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के विरोध की वजह से भी पाइपलाइन का काम रुक जाता है। वहीं अब नए नियमों के पालन में ऐसा बिल्कुल भी नहीं होगा। अगर कोई कंपनी पाइपलाइन के लिए रास्ता मांगती है, तो सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी। यही नहीं अगर सोसाइटी द्वारा मना किया जाता है या अनावश्यक देरी की जाती है तो वहां रहने वाले सभी घरों की एलपीजी सप्लाई पर प्रशासन द्वारा रोक लगाई जाएगी।

#### इसके अलावा छोटे इलाकों को 10 दिन में देना होगी मंजूरी

पाइपलाइन बिछाने के लिए अब सरकारी विभागों को भी बेवजह फाइलों को अटकाने की इजाजत नहीं है। छोटे नेटवर्क के लिए 10 दिन और बड़ी लाइनों के लिए 60 दिन में मंजूरी देना अनिवार्य है। अगर विभाग तय समय में जवाब नहीं देता, तो उसे 'डीम्ड क्लियरेंस' यानी 'ऑटोमैटिक मंजूरी' मान लिया जाएगा और काम शुरू कर दिया जाएगा।

#### पाइपलाइन के लिए जमीन मालिक को मिलेगा दोगुना मुआवजा

वहीं अगर पाइपलाइन किसी की निजी जमीन से गुजर रही है, तो अब मुआवजे को लेकर सालों तक केस नहीं चलेंगे। सरकार ने इसके लिए एक फिक्स फॉर्मूला बना दिया है। जिसके तहत जमीन के कमर्शियल सर्किल रेट का 30% हिस्सा मालिक को मुआवजे के तौर पर दिया जाएगा। वहीं जमीन मालिक अगर आवेदन मिलने के 24 घंटे में मंजूरी दे देता है, तो उसे दोगुना यानी 60% मुआवजा मिलेगा।अगर जमीन मालिक मंजूरी नहीं देता है, तो 'डेजिग्नेटेड अथॉरिटी' यानी क्षेत्रिय कलेक्टर या अन्य सक्षम अधिकारी फैसला लेंगे।

#### युद्ध जैसे हालात में नहीं पड़े गैस की कमी

यही नहीं सरकार ने यह नया नियम और आदेश आवश्यक वस्तु अधिनियम' के तहत जारी किया है ताकि युद्ध जैसे हालात में भी आपको रसोई गैस की कमी न पड़े।जिसका फायदा यह होगा कि आपको सिलेंडर बुकिंग या खत्म होने की टेंशन नहीं रहेगी। वहीं जो लोग अपनी मर्जी से सिलेंडर इस्तेमाल करना चाहते हैं, उनके पास अब विकल्प सीमित हो जाएंगे। साथ ही पीएनजी कनेक्शन वालों को भविष्य में एलपीजी सिलेंडर नहीं मिलेंगे।

#### पीएनजी कनेक्शन वालों को करना होगा अपना गैस कनेक्शन सरेंडर

गौरतलब है कि इससे पहले सरकार पिछले दिनों ही गैस संकट के बीच पीएनजी कनेक्शन को लेकर नए नियम जारी कर चुकी है। इसके तहत अगर आपके घर में पाइप्ड नेचुरल गैस (इन्ड) कनेक्शन है, तो अब आपको अपना एलपीजी सिलेंडर को सरकार को सरेंडर करना होगा। नए आदेश के मुताबिक, पीएनजी यूजर्स को न तो नया एलपीजी कनेक्शन मिलेगा और न ही पुराना सिलेंडर रिफिल होगा। सरकार इससे पहले एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई को लेकर 4 बार नए नियम जारी कर चुकी है।

### खातीपुरा मेनरोड़ से पूर्व पार्षद के घर तक बनेगी

# 1.80 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़क

### पैसों के संकट के बीच निगम यहां के लिए चौथी बार करेगा ठेकेदार की तलाश

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा दो के अंतर्गत आने वाले खातीपुरा मेनरोड पर रोहित चौधरी के घर के सामने से लेकर पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी के घर तक बारिश से पहले निगम नई सड़क बनाने को लेकर तैयारी कर रहा है। जिसके तहत पैसों के संकट के बीच निगम यहां चौथी बार सड़क बनवाने को लेकर प्रयास कर रहा है। निगम अधिकारियों के मुताबिक लगभग एक करोड़ 80 लाख के आसपास की लागत से बनने वाली इस नई सीमेंट सड़क निर्माण को लेकर एक बार फिर निगम द्वारा अपने स्तर पर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।



जिसके तहत निगम द्वारा यहां लगातार चौथी बार निविदा जारी कर ठेकेदार की तलाश की जा रही है ताकि लंबे समय से क्षेत्र के लोगों का सड़क निर्माण को लेकर लंबा इंतजार अब जाकर खत्म हो जाए। इसी को लेकर निगम के जिम्मेदार बजट की कमी के बीच भी प्रयास कर रहे है।

#### निगम का प्रयास बारिश से पहले शुरू हो जाए सड़क का काम

गौरतलब है कि खातीपुरा क्षेत्र की यह मुख्य मार्ग से जुडी सड़क लंबे समय से अधूरी है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी लगातार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उक्त सड़क निर्माण और चौड़ी करण कार्य को शुरू करने को लेकर दबाव बनाकर विधायक और पार्षद से लगातार सड़क बनवाने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद अब एक बार फिर टेंडर संबंधित प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद इस बार पूरी होने के आसार नजर आ रहें है। दरसअल यहां के रहवासियों को अधूरी सड़क के कारण सबसे ज्यादा बारिश के दौरान और ज्यादा परेशानी होगी। इसलिए निगम अधिकारियों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का प्रयास है कि जल्द से जल्द बारिश से पहले उक्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाए ,ताकि लोगों को मानसून में ज्यादा दिक्कतें न आए। इसके बनने से इस क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों परिवारों को बड़ी राहत मिल जाए। इसको लेकर निगम द्वारा जल्द ठेकेदार की तलाश कर काम शुरू करवाने के प्रयास किए जा रहे है।



## बालिकाओं के पाद पूजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मां मनसा देवी भगवती कृपा ग्रुप द्वारा सियागंज रामप्याऊ चौराहा पर मंदिर परिसर के बाहर रामनवमी पर्व पर फरियाली प्रसाद का वितरण किया गया। कन्याओं का पाद पूजन कर पुरस्कार भी दिए। कैलाश श्रीवास्तव, हरीश राठौर, चेतन राठौर, पूनम गोयल, पहलवान सुमित अग्रवाल,नीलांशु राठौर, आदि उपस्थित थे।



## ‘बेस्ट सर्विस पार्टनर’ अवॉर्ड

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कुछ समय पहले इंदौर के दो युवाओं ने स्टार्टअप 'एसी डॉक्टर' द्वारा एसी को साफ करने की एक इनोवेटिव प्रक्रिया तैयार की थी जिसे वे रजिस्टर और पेटेंट भी करवा चुके है और अब एयर कंडीशनिंग सर्विस सेक्टर में तेजी से उभर रहे एसी डॉक्टर ने इंदौर का नाम रोशन कर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। कंपनी को वैश्विक एसी ब्रांड डाइकिन द्वारा 'बेस्ट सर्विस पार्टनर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इरशाद मुबीन और यजुर्वेद सिसौदिया ने उक्त जानकारी दी।

## रामनवमी पर कल सुनी रामकथा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शैलेंद्र तिवारी के श्रीमुख से हुजूरगंज स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के चौथे दिन रामनवमी पर भगवान राम और हनुमानजी के भक्तों ने रामकथा का रसपान दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक किया। कथा 1 अप्रैल तक चलेगी। कई प्रसंगों का वर्णन भी हुआ। सुमित अवस्थी, गोविंद अवस्थी, प्रेमसिंह दिखीत, सोनू नामदेव, आकाश तोडे मौजूद थे।



## व्यापारियों के लिए डिजिटल जानकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और मेटा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले एक विशेष सत्र में व्यापारियों को डिजिटल मार्केटिंग की जानकारी कल शाम दी गई। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि इस सत्र का उद्देश्य व्यापारियों को ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है, जिससे वे अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकें। सत्र में कैट की अखिल भारतीय ऑपरेशन प्रमुख स्मिता ओझा दिल्ली ने संबोधित किया। मेटा के ट्रेनर शब्बीर भी मौजूद रहे। धीरज खंडेलवाल, प्रवीण नीखरा, हरीश विजयवर्गीय, राजकुमार साबू, उमेश तिवारी ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## पासी समाजजन जाएंगे सम्मेलन के लिए जबलपुर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री पासी समाज उत्थान संगठन समिति के अध्यक्ष जगमोहन वर्मा एवं महामंत्री रमेशचंद्र कैथवास ने बताया कि 29 मार्च को पासी समाज के विवाह योग युवक-युवती का परिचय सम्मेलन जबलपुर में देशभर के समाजजनों की मौजूदगी में होगा। इन्दौर से भी पासी समाजजन आयोजन में शिरकत करेंगे।

## केशरिया महल में दर्शन देंगे प्रभु रणजीत

### देर रात तक कल श्रद्धालुओं ने किए भगवान राम के दर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर पर कल रामनवमी उत्सव मनाया गया। देर रात तक दर्शनार्थियों की कतार लगी रही। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। केशरिया महल में बाबा रणजीत भक्तों को दर्शन देंगे। 7 अप्रैल को चलित प्रसादी का आयोजन होगा।**

कल रामनवमी पर रणजीत हनुमान मंदिर में साकेतधाम बनाया गया। मंदिर के मुख्या पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर अब केशरिया महल में बाबा रणजीत के दर्शन होंगे। इसके लिए तैयारियां भी शुरू हो गई है। कल से अखंड रामायण पाठ भी शुरू हुआ। हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह 6 बजे हनुमानजी की जन्म आरती होगी इसके बाद दिनभर दर्शन का क्रम जारी रहेगा। 3 अप्रैल को सुबह 6 बजे कांकडा आरती होगी, अखंड रामायण पाठ का समापन भी होगा। 7 अप्रैल को चलित प्रसादी वितरण होगी। श्रद्धालुओं की सुगमता हेतु विशेष तैयारियां की जा रही है। बड़े मैदान में जिग-जेग पैटर्न पर कतार लगेगी। सुबह से देर रात तक विभिन्न कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। रणजीत बाबा का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा।

## एक शाम महावीर के नाम...



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। एक शाम महावीर के नाम भक्ति और भजन संध्या का आयोजन रविवार 29 मार्च शाम 7.30 बजे से कांच मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। महावीर जैन, अनामिका बाकलीवाल, चिंतन जैन ने बताया कि भजन संध्या के दौरान सिंगर अमर जैन मुंबई से आएंगे। पालना नृत्य प्रतियोगिता में 8 टीमों को मंच से मौका मिलेगा। श्रेष्ठ टीम को पुरस्कृत भी किया जाएगा, महाआरती भी होगी। अंकुल पाटोदी ने बताया कि ऋतु जैन, प्रियंका संघवी, भूमिका जैन नृत्य प्रतियोगिता के जज होंगे। सामाजिक संसद के दोनों अध्यक्ष विनय बाकलीवाल और आनन्द गोधा का सम्मान भी होगा। नकुल पाटोदी, रोहित गंगवाल, हर्ष जैन का सम्मान होगा। आयोजन के दौरान तैयारियां की गई। बैठक का आयोजन भी किया गया। महावीर जैन ने बताया कि भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों और अन्य नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है।

## दीप से दीप जलाओं में रहेंगे जैन समाजजन मौजूद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। महावीर कीर्ति स्तंभ नेहरू स्टेडियम संयोगितागंज दिगंबर जैन समाज छावनी के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 29 मार्च रविवा की शाम 7.30 बजे दीप से दीप जलाओ कार्यक्रम आयोजित होगा। कई संस्थाएं आयोजन से जुड़ी है। एमके जैन ने बताया कि 30 मार्च भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर सुबह 5.30 बजे प्रभात फेरी, 7 बजे भगवान का पूजन होगा। 9.30 बजे स्वर्ण रथ शोभायात्रा आनंतनाथ जिनालय छावनी से निकाली जाएगी।

## खंडेलवाल समाजजन रहे संत जयंती पर मौजूद



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संत सुन्दरदास महाराज की जयंती पर उनकी प्रतिमा नवलखा चौराहा पर अभिषेक, माल्यार्पण का आयोजन खंडेलवाल समाजजनों की मौजूदगी में किया गया। समाजसेवी कैलाश रावत का सम्मान भी किया। राजेश डगायच, दिनेश कूलवाल, राजेश कूलवाल, नवीन सामरिया, निर्भय खण्डेलवाल, सुनील माली, ब्रजेश खंडेलवाल, राजेंद्र कूलवाल, कमलेश घीया, संजय डंगायच, संजय बडगोती, कैलाश रावत मौजूद थे।

## क़ब्रस्तान के रखवालों का इस्तक़बाल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नूरानी नगर कब्रस्तान कमेटी के सदर इमामुद्दी तिगाला और उनकी टीम का हुसैनी मस्जिद कमेटी ने इस्तकबाल किया। किसी समय नूरानी नगर कब्रस्तान में समस्याओं का अंबार था, टॉर्च की रोशनी में दफन का काम किया जाता था, जानवर भी अन्दर घुस जाते थे, अब सब व्यवस्था ठीक कराने के बाद तिगाला सहित उनकी टीम इकबाल हुसैन, इसरार नलवाले, शाकिर, इसहाक, हनीफ का इस्तकबाल किया गया।





## श्रीराम मंदिर इतवारिया पर भक्ति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्रीराम मंदिर लोहारपट्टी रोड इतवारिया बाजार में भगवान श्रीराम का विशेष श्रृंगार कर आरती की गई। कांग्रेस नेता राजेश जोशी ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिसमें डिडवाना अग्रवाल पंचायत के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।**

## राम दरबार का अभिषेक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राम नवमी पर तुलसी नगर के राम जानकी मंदिर में भगवान के जन्मोत्सव पर अभिषेक, पूजन एवं हवन संपन्न हुआ। छप्पन भोग, महाआरती का आयोजन हुआ। भजन कीर्तन के अलावा अखंड रामायण पाठ भी हुआ।**



## पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में पूजा और प्रसादी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के राजेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि दुर्गा अष्टमी एवं रामनवमी पर्व पर भैरवी पूजा प्रशिक्षुओं हेतु भोजन प्रसादी का आयोजन प्राचीन राम मंदिर पर किया गया। नवल मूंदड़ा द्वारा भैरवी पूजा एवं पीटीसी इंदौर की महिला नवआरक्षको की पूजा / उपहार दिया तथा भोजन प्रसादी आयोजन किया गया।



## फूलों से सजाया दरबार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लोधीपुरा में कल रामनवमी पर रहवासी संघ ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर श्रृंगार, विद्युत सज्जा का आयोजन किया। पवन दुबे, बाबूलाल शर्मा, रामबाबू राठौर, नीलेश नीमा, बबलू व्यास, राजेन्द्र दाधीच, महेश शर्मा, निखिल व्यास, सहित अन्य मौजूद थे।

## महावीर जन्म कल्याणक जुलूस श्वेताम्बर जैन समाजजन निकालेंगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्वेतांबर जैन महासंघ न्यास के तत्वावधान में भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव का जुलूस 31 मार्च को सुबह 8.30 बजे राजबाडा से शुरू होगा। न्यास के सुधीर सेठिया ने बताया कि यह जुलूस खजूरी बाजार से बड़ा गणपति होते हुए दलालबाग पहुंचेगा जहां धर्मसभा भी होगी। राजबाडा पर नवकारसी भी होगी, भाजपा जनप्रतिनिधि पदाधिकारी के अलावा कांग्रेस पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। संत लब्धिरत्न सागर सोहमरत्नसागर म. सा., चैतन्यमुनि म.सा., केवल्यमुनि म.सा., राजेशमुनि म.सा., सौरभ मुनि म.सा. विकसित मुनि म.सा. आदिठाणा, साधु-साध्वी और भगवंत मौजूद रहेंगे। महाप्रसादी का आयोजन भी होगा। आज भी आयोजन किए जा रहे है। कल स्वास्थ्य शिविर भी होगा। जुलूस की तैयारी को लेकर बैठक भी हो रही है। जुलूस में बैंडबाजे हाथी, घोड़े ,108 भक्तों के साथ भगवान का रजत रथ,तीन भव्य झांकियां,63 महिला मंडल, पंजाबी ढोल ग्रुप के साथ आदिवासी, साउथ इंडियन नृत्य मंडली, एवं भगवान महावीर के दिव्य संदेश जिओ और जीने दो के साथ अधिकांश मंडल अपनी प्रस्तुति देंगे। स्वच्छता व मार्ग अवरुद्ध न हो इस बात का ध्यान रखते हुए जुलूस मार्ग पर सिर्फ पेयजल के अलावा किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थ वितरण नहीं करने तथा कम से कम मंच बनाने का संदेश सामाजिक संस्थाओं को दिया गया है। आयोजन में महासंघ के सभी पदाधिकारी एवं समाजजन सहयोग देकर सफल बनाने में जुटे हुए हैं।



## संगम नगर जैन मंदिर में संतों का प्रवेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुनि विमल सागर म.सा. एवं मुनि अनंत सागर म.सा. का मंगल प्रवेश कल महावीर दिगंबर जैन मंदिर संगम नगर में हुआ। रास्ते भर समाजजनों ने मुनि संघ का पाद प्रक्षालन किया और आरती उतारी। यहां बन रहे संत सदन का अवलोकन भी किया। दोनों संतों ने प्रवचन भी दिए। नकुल पाटोदी, देवेन्द्र सोगानी, हर्ष जैन, राकेश सेठी, अजय जैन, राकेश सेठी, सतीश जैन, मनोज जैन, राजेश गंगवाल, कमलेश सिंघई मौजूद थे।



## विदाई सम्मान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड समन्वयक संस्था शासकीय मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहे मूल्यांकन कार्य के तहत हाईस्कूल संस्कृत विषय के मूल्यांकन कार्य का संचालन और क्रियान्वयन सपना पोरवाल के नेतृत्व में हुआ। अधिकारी एवं प्राचार्य बबीता हयारण, दिनेश परमार, वीर मिश्रा, ब्रजेश त्रिपाठी, दमन सिंह पाल, अंजना चौहान मौजूद थे।

## सेन समाजजनों ने दिया निमंत्रण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संत शिरोमणि सेन महाराज की जन्म जयंती पर शोभायात्रा 14 अप्रैल को निकलेगी। यात्रा का प्रथम निमंत्रण खजराना गणेश को अर्पित किया। अध्यक्ष नीलेश सेन शेलू, संदीप श्रीवास, उषा सेन, प्रीति बैराठी, मंजू अमेरिया, मनी सेन भारती चौहान, शारदा सालुंके, अरुणा सेन सहित अन्य मौजूद थे।

## डिजिटल शिक्षा के लिए चार सरकारी स्कूलों में लगेंगे स्मार्ट टीवी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** फ्रीडम थ्रू डिजिटल एजुकेशन' अभियान के तहत एसोसिएशन ऑफ 41 क्लब्स ऑफ इंडिया. द्वारा सरकारी स्कूलों की कक्षाओं में डिजिटल स्मार्ट टीवी लगाए जाएंगे जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी निजी स्कूलों के बच्चों की तरह क्वालिटीज एजुकेशन ले सकेंगे। शुरुआती दौर में इंदौर के चार सरकारी स्कूलों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । यह बात एसोसिएशन ऑफ 41 क्लब्स ऑफ इंडिया के नेशनल प्रेसिडेंट भूपेंद्र सिंह ने अपने इंदौर दौरे के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि इंदौर में चार सरकारी स्कूलों की कक्षाओं का डिजिटलीकरण किया जाएगा। ये सभी स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, मोहित भार्गव, प्रतीक माहेश्वरी ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## तीन दिवसीय 'मंत्राक्ष ध्यान शिविर'

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नरसिंह वाटिका में कल तीन दिवसीय 'मंत्राक्ष ध्यान शिविर' का शुभारंभ मुनि श्री 108 आदित्य सागर म.सा. के सानिध्य में हुआ। सामूहिक मंत्र साधना में साधक मंत्रमुग्ध नज़र आए। मुनि श्री से 'मंत्राक्ष' का बीजाक्षर पाकर कई साधक भावुक हो उठे।



## रामनवमी पर सुनी श्रद्धालुओं ने 'मानस' की चौपाइयां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अरण्य धाम संत आश्रम बावडी वाले हनुमान मंदिर में रामनवमी पर कल कई कालोनियों के रहवासियों ने रामचरित मानस की चौपाइयों को सुना। यह अखंड रामचरितमानस पाठ वर्ष 2003 से अनवरत चल रहा है। कल भी बडी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में महाआरती हुई। महामंडलेश्वर रामजी बाबा ने बताया कि कल दोपहर 12 बजे भगवान राम की महाआरती की गई। भंडारा का आयोजन भी किया गया।**




## इंपेक्ट समिट में सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गांधी हाल में इम्पेक्ट इया समिट में समाज में उत्कर्ष योगदान के लिए कल्कि पल्टन फाउंडेशन को सम्मानित किया गया। जितेन्द्र यादव ने यह सम्मान लिया।

# नारियल का तेल
## फटी एड़ियां होंगी मुलायम



**मौसम** का असर पैरों पर जल्दी दिखता है और एड़ियां रूखी होकर फटने लगती हैं। ऐसे में नारियल तेल जैसे घरेलू उपाय त्वचा को नमी देकर राहत पहुंचाने में मददगार हो सकते हैं। बदलते मौसम का असर कई बार पैरों की त्वचा पर दिखाई देने लगता है। कई बार इससे एड़ियां रूखी होकर फटने लगती हैं, जिससे पैरों में दर्द भी होने लगता है। वहीं, बाजार में मिलने वाली क्रीम और लोशन तुरंत तो राहत देते हैं, हालांकि आप घर पर मौजूद कुछ आसान घरेलू उपायों को फॉलो करके भी इससे राहत पा सकते हैं। इनमें नारियल तेल का उपयोग किया जा सकता है।

### नारियल तेल का करें उपयोग

नारियल तेल को नेचुरल मॉइस्चराइजर माना जाता है। यह त्वचा की गहराई तक पहुंचकर उसे पोषण देता है और नमी बनाए रखने में मदद करता है। इसके उपयोग से एड़ियां मुलायम होती हैं और त्वचा का रूखापन भी धीरे-धीरे कम होने लगता है।

### एड़ियों पर कैसे लगाएं नारियल तेल?

नारियल तेल एड़ियों के लिए काफी बेहतर माना जाता है। सोने से पहले पैरों को गुनगुने पानी से धोकर अच्छी तरह सुखा लें। इसके बाद थोड़ा सा नारियल तेल हल्का गर्म कर लें और एड़ियों व तलवों पर धीरे-धीरे मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और दिनभर की थकान भी कम होती है। नारियल तेल लगाने के बाद मोजे पहन लें, जिससे पैरों में नमी बनी रहे।

### इस तरह भी करें केयर

अगर आप फटी एड़ियों से डेड स्किन हटाना चाहते हैं, तो नारियल तेल में कॉफी पाउडर मिलाकर स्क्रब तैयार कर सकते हैं। इस मिश्रण को पैरों पर लगाकर लगभग 10 मिनट तक हल्के हाथों से रगड़ें। इससे जमा गंदगी और मृत त्वचा आसानी से निकलने लगती है। नारियल तेल के अलावा एलोवेरा भी पैरों की देखभाल में उपयोगी है। एलोवेरा जेल में ठंडक और हीलिंग गुण पाए जाते हैं, जो फटी त्वचा को आराम देने में मददगार होते हैं। रात को सोने से पहले तलवों पर जेल लगाएं और मोजे पहन लें। वहीं, सुबह उठने के बाद पैरों को ठंडे पानी से धो लें।

# चुकंदर से लिप्स बने रहेंगे मुलायम
## घर पर ही बनाएं नेचुरल लिप बाम

**मौसम** बदलते ही होंठ सूखने और फटने लगते हैं। केमिकल प्रोडक्ट की जगह आप चुकंदर से घर पर नेचुरल लिप बाम बना सकते हैं। इससे होंठों को नमी, पोषण और हल्का गुलाबी रंग मिलता है। सर्दियों या मौसम बदलने पर होंठों का फटना और रूखापन आम हो जाता है। वहीं, कई बार इसे ठीक करने के लिए केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, जो महंगे होने के साथ-साथ कई बार नुकसानदेह भी हो सकते हैं। अगर आप नेचुरल और सस्ता उपाय ढूंढ रहे हैं, तो चुकंदर आपके बेहद काम आ सकता है। चुकंदर से बना लिप बाम होंठों को पोषण देने के साथ-साथ हल्का गुलाबी रंग भी देता है।





### चुकंदर में पाए जाते हैं कई पोषक तत्व

चुकंदर में भरपूर मात्रा में विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। ये तत्व होंठों की डेड स्किन को रिपेयर करने, नमी बनाए रखने और उन्हें हेल्दी बनाने में मदद करते हैं। इसका नेचुरल पिगमेंट होंठों को खूबसूरत टिंट देता है, जिससे वे बिना लिपस्टिक के भी आकर्षक दिख सकते हैं।

### चुकंदर से कैसे बनाएं लिप बाम?

घर पर चुकंदर का लिप बाम बनाना बहुत ही आसान है। इसके लिए सबसे पहले एक ताजा चुकंदर लें और उसे धोकर छील लें। इसके बाद उसे कद्दूकस कर लें। अब कपड़े या छलनी की मदद से उसका रस निकाल लें।

इसके बाद इसमें एक चम्मच नारियल तेल, बादाम तेल या घी मिलाकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब आप इसे किसी साफ, छोटे कंटेनर में भरकर स्टोर कर सकते हैं। इस तरह आपका होममेड नेचुरल लिप बाम तैयार हो जाएगा।

### ऐसे करें उपयोग

चुकंदर से बने लिप बाम को आप दिन में दो से तीन बार लगा सकते हैं। रात के समय सोने से पहले भी इसे लगाया जा सकता है। रोजाना इसके उपयोग से होंठ मुलायम, स्मूद और गुलाबी नजर आने लगेंगे।

## खाली पेट कलौंजी के पानी से इन बीमारियों में मिलेगा फायदा

**वजन घटाने में मददगार-** आज के समय में बढ़ता वजन कई लोगों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। ऐसे में कलौंजी का पानी वजन कम करने में सहायक हो सकता है। इसे पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे जमा हुआ फैट धीरे-धीरे बर्न होने लगता है।



**डायबिटीज में फायदेमंद–** डायबिटीज के मरीजों के लिए कलौंजी का पानी एक प्राकृतिक उपाय माना जाता है। इसके नियमित सेवन से शरीर में इंसुलिन के उत्पादन को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। इससे ब्लड शुगर लेवल को संतुलित रखने में सहारा मिलता है।

**बैड कोलेस्ट्रॉल को करे कम-** आजकल कोलेस्ट्रॉल की समस्या आम हो गई है। कलौंजी का पानी शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करने में मदद करता है। इससे दिल की सेहत बेहतर रहती है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

**पाचन तंत्र को बनाए मजबूत-** गैस, कब्ज या एसिडिटी की शिकायत में कलौंजी का पानी फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करता है।

**एनीमिया में राहत–** खून की कमी यानी एनीमिया आज खासतौर पर महिलाओं में आम समस्या है। कलौंजी के पानी में आयरन अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाने में मदद करता है। इसके नियमित सेवन से कमजोरी, थकान और चक्कर आने जैसी समस्याओं में भी राहत मिल सकती है।

# वेस्ट नहीं बेस्ट है केले का छिलका
# पौधों के लिए इस तरह तैयार करें खाद

**अक्सर केला खाने के बाद उसका छिलका कचरे में फेंक दिया जाता है, जबकि इसमें पौधों के लिए जरूरी पोषक तत्व भरपूर होते हैं। आप इसे खाद भी बनाकर आसानी से पौधों में डाल सकते हैं। घरों में केले को खाने के बाद उसके छिलके को फेंक दिया जाता है। हालांकि, केले का यह छिलका पौधों के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। आप इससे आसानी से खाद भी तैयार कर सकते हैं।**

केले के छिलके में पोटैशियम, फॉस्फोरस, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो पौधों की ग्रोथ को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आप भी केले के छिलके को खाने के बाद फेंक देते हैं, तो इससे आप घर पर ही कुछ खास तरह की खाद बना सकते हैं।

### केले के छिलके से कैसे बनाएं खाद?

सूखे छिलके वाली खाद
केले के छिलके से खाद बनाने के लिए सबसे पहले इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इन्हें धूप में अच्छी तरह सुखा लें। पूरी तरह सूख जाने के बाद इन्हें पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को आप सीधे मिट्टी में मिला सकते हैं।

### पानी वाली खाद

आप पौधों के लिए केले के छिलके से पानी वाली



खाद भी बना सकते हैं। इसके लिए एक बर्तन में केले के छिलके डालें और उसमें पानी भर दें। इसे 24 से 48 घंटे के लिए ढककर रख दें। इसके बाद इस पानी को छान लें और पौधों में डालें।

### सीधे मिट्टी में मिलाएं

अगर आपके पास समय कम है, तो केले के छिलके को छोटे टुकड़ों में काटकर सीधे गमले की मिट्टी में दबा सकते हैं। कुछ ही दिनों में यह छिलका सड़कर खाद में बदल जाएगा।

### पौधों के लिए फायदेमंद है केले का छिलका

केले के छिलके में पोटैशियम, फॉस्फोरस, कैल्शियम और मैग्नीशियम सहित कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। दरअसल, पोटैशियम पौधों की जड़ों को मजबूत करता है और फूल-फल आने की प्रक्रिया को तेज करता है। वहीं, फॉस्फोरस पौधों की ओवरऑल ग्रोथ में मदद करता है। केले के छिलके से बनी खाद खासतौर पर फूलों वाले पौधों, सब्जियों और फलों के पौधों के लिए काफी लाभकारी मानी जाती है।

## संपादकीय

# कानून सख्त, सोच कमजोर थम नहीं रहा दहेज के नाम पर मौत का सिलसिला

सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद दहेज के लिए विवाहिता की हत्या या उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। इक्कीसवीं सदी में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के बावजूद इस मामले में समाज के एक हिस्से की रूढ़िवादी मानसिकता नहीं बदली है। यही नहीं, कानूनों को सख्ती से लागू करने के मामले में भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही देखी जाती है, जिस कारण इस कुप्रथा की जड़ें नष्ट होने के बजाय गहरी होती जा रही हैं। इसका दंश महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी जान पर भी भारी पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने एक फैसले में इस पर गहरी चिंता जताई और दहेज के मामलों में महिलाओं की मौत की घटनाओं को समाज पर गहरा धब्बा करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस सामाजिक कुरीति के कारण आज भी हजारों महिलाएं बेमौत मारी जाती हैं। सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में दहेज संबंधी अपराधों के तहत दर्ज मामलों में चौदह फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। देश भर में इससे संबंधित पंद्रह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें छह हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत हो गई। जबकि वर्ष 2022 और 2021 में यह संख्या क्रमशः 13,479 और 13,568 थी। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? क्या वजह है कि दहेज प्रथा को बढ़ावा देने वालों में कानून का जरा भी खौफ नहीं है! इसके लिए निश्चित तौर पर कानून प्रवर्तन एजंसियों का ढुलमुल रवैया भी जिम्मेदार है। पुलिस की लापरवाही की वजह से कई बार दहेज से संबंधित मामलों के आरोपी अदालत में सबूतों के अभाव में बरी हो जाते हैं। कई दफा पीड़ित महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। दहेज प्रथा केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों और गरिमा का भी गंभीर उल्लंघन है। मगर कई मामलों में पीड़ित महिलाओं के परिजन कानूनी जागरूकता की कमी और सामाजिक दबाव के कारण पुलिस में शिकायत तक दर्ज नहीं करा पाते। ऐसे में इस बात पर गहराई से विचार करने की जरूरत है कि क्या भौतिक वस्तुएं, पैसा और झूठी शान किसी महिला की जान से ज्यादा मूल्यवान है! इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि दहेज उत्पीड़न या हत्या के मामलों की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए और ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर उनकी गहन जांच की जाए।

# घर में चल रही थी कथा और भंडारा, इसी बीच किसान ने फंदे पर झूलकर दी जान

**इन्दौर।** खुड़ैल थाना इलाके ग्राम खेमाना में एक किसान द्वारा फांसी लगाकर जान दे दी।जहां एक ओर घर में धार्मिक आयोजन की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहीं दूसरी ओर घर के सदस्य ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के वक्त घर में कथा और भंडारे का कार्यक्रम चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान भागवत सिंह पिता रूपसिंह, (38)निवासी ग्राम खेमाना के रूप में हुई है। भागवत सिंह पेशे से किसान थे। शनिवार को उनके घर पर विशेष धार्मिक प्रसंग के तहत कथा और भंडारे का आयोजन रखा गया था। घर में मेहमानों और ग्रामीणों की आवाजाही लगी हुई थी और सभी भक्ति भाव में लीन थे। इसी दौरान भागवत सिंह चुपचाप घर के एक हिस्से में गए और फंदे पर झूल गए।काफी देर तक जब भागवत सिंह कार्यक्रम में दिखाई नहीं दिए, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। जब कमरे का दरवाजा खोलकर देखा गया, तो भागवत सिंह फंदे पर लटके हुए मिले। तत्काल फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिस घर में कुछ देर पहले तक मंगल गीत और मंत्रोच्चार गूंज रहे थे, वहां अचानक चीख-पुकार मच गई।

# सीएसके को झटका...आईपीएल से बाहर हुए धोनी

## 2 हफ्ते नहीं खेलेंगे कोई मैच

**शनिवार।** सीएसके के समर्थकों को उस वक्त झटका लगा जब उन्हें 2 हफ्ते के लिए स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के बाहर होने की खबर मिली। पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के चलते एमएस धोनी शुरुआती दो हफ्ते के लिए आईपीएल से बाहर हो गए हैं। सीएसके ने खुद ट्वीट करके यह जानकारी दी है।



आधिकारिक बयान के अनुसार, उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखी जा रही है. फैंस उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं और 'थाला' की मैदान पर वापसी का इंतजार कर रहे हैं।

# शाजापुर से आए पिता-पुत्रों ने किया हमला

## युवक के सिर पर टामी दे मारी

**इन्दौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना प्रगति विहार में आपसी रंजिश के चलते मारपीट और हमले का मामला सामने आया है। शाजापुर से आए दो भाइयों और उनके पिता ने मिलकर एक युवक और उसके जीजा पर हमला कर दिया। विवाद के दौरान आरोपियों ने पास पड़ी लोहे की टामी से युवक के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी लाड सिंह पिता किशनलाल बडोलिया निवासी ग्राम टाडा उमरोद, जिला शाजापुर ने शिकायत दर्ज कराई है। लाड सिंह वर्तमान में बिचौली मर्दाना क्षेत्र में थे, तभी शुक्रवार सुबह करीब 9.15 बजे आरोपी राहुल बडोलिया, गोविंद बडोलिया और उनके पिता किशनलाल बडोलिया सभी निवासी ग्राम टाडा, शाजापुर वहां पहुँचे। आरोपियों ने आते ही लाड सिंह के जीजा रामसिंह चौहान के साथ गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मारना शुरू कर दिए। जब लाड सिंह ने बीच-बचाव किया और अपने जीजा को बचाने की कोशिश की, तो तीनों आरोपी उन पर भी टूट पड़े। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी राहुल बडोलिया ने पास में रखी लोहे की टामी उठा ली और लाड सिंह के माथे और सिर पर दे मारी। टामी लगते ही लाड सिंह का सिर फट गया और खून बहने लगा। इस दौरान किशनलाल और गोविंद ने भी लाड सिंह और उनके जीजा रामसिंह के साथ लात-घूंसों से जमकर मारपीट की।शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## नरसिंहपुर से आकर भाई के साथ रह रहा था छात्र

**इन्दौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित बिचौली मर्दाना इलाके में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था और अपने ममेरे भाई के साथ इंदौर में रहकर भविष्य संवारने के सपने देख रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

मृतक की पहचान आकाश पिता अशोक,(25) के रूप में हुई है। आकाश इंदौर में अपने ममेरे भाई अभिषेक के साथ बिचौली मर्दाना क्षेत्र में किराए से रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। शनिवार शाम जब अभिषेक रोज की तरह बाहर घूमने गया था, तब आकाश कमरे पर अकेला था। देर शाम जब अभिषेक वापस लौटा, तो उसने आकाश को फंदे पर लटका देखा।घटना की सूचना मिलते ही कनाड़िया पुलिस मौके पर पहुँची, शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, लेकिन फिलहाल वहां से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या आकाश किसी पढ़ाई के दबाव में था या किसी अन्य मानसिक परेशानी से जूझ रहा था।

# 3 माह जिंदगी-मौत के बीच जूझता रहा रेपिडो चालक इलाज के दौरान तोड़ा दम

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के लवकुश चौराहे पर करीब तीन माह पूर्व हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक मूल रूप से नरसिंहपुर का रहने वाला था और इंदौर में अपनी आजीविका चलाने के लिए रेपिडो बाइक टैक्सी चलाता था। लंबे समय तक अस्पताल में चले इलाज और कई ऑपरेशनों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।

मृतक की पहचान अर्पित पिता गोविंद, (24) के रूप में हुई है। अर्पित मूल रूप से नरसिंहपुर जिले का निवासी था और इंदौर में रहकर रेपिडो चलाकर अपना गुजारा करता था। करीब तीन महीने पहले लवकुश चौराहे के पास एक वाहन की टक्कर से अर्पित गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे में उसके पैर में मल्टीपल फ्रैक्चर आए थे और पेट में गहरा इन्फेक्शन हो गया था। हादसे के बाद से ही अर्पित का इलाज शहर के निजी और सरकारी अस्पताल में चल रहा था।

डॉक्टरों के अनुसार, पैर के फ्रैक्चर के साथ-साथ पेट में हुए इन्फेक्शन ने उसकी हालत और गंभीर कर दी थी। पिछले तीन महीनों से वह लगातार बिस्तर पर था और कई बार उसकी स्थिति में सुधार की उम्मीद भी जगी, लेकिन कल अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण उसने अंतिम सांस ली।

# फ्लैट का ताला काटकर चोरी का प्रयास पड़ोसी की सतर्कता से टली बड़ी वारदात

**इन्दौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित आलोक नगर में एक फ्लैट को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे अज्ञात बदमाशों के मंसूबों पर पड़ोसी की जागरूकता ने पानी फेर दिया। कटर से दरवाजे की कुंडी काटकर घर में घुसने का प्रयास कर रहे चोर आहट होने पर मौके से भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक घटना अधरत अपार्टमेंट आलोक नगर की है। फ्लैट नंबर 226 की निवासी सोनाली पाण्डे ने कनाड़िया थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात बदमाश ने उनके फ्लैट को निशाना बनाने की नीयत से दरवाजे की कुंडी को कटर से काट दिया। जैसे ही कुंडी कटी और ताला जमीन पर गिरा, उसकी तेज आवाज सुनकर पास ही रहने वाले पड़ोसी सक्षम सतर्क हो गए।

### पड़ोसी ने लगाई आवाज तो भागे बदमाश

पड़ोसी सक्षम को संदेह हुआ और उन्होंने तुरंत बाहर निकलकर आवाज लगाई। खुद को घिरता देख और पकड़े जाने के डर से अज्ञात बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से रफूचक्कर हो गए। यदि पड़ोसी समय रहते आवाज नहीं लगाते, तो बदमाश फ्लैट के अंदर घुसकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दे सकते थे। पीड़िता ने बताया कि कुंडी पूरी तरह कटी हुई मिली है, जिससे स्पष्ट है कि बदमाश पूरी तैयारी के साथ आए थे।कनाड़िया पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अपार्टमेंट के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

# रामजी पर अभद्र टिप्पणी करने वाला सपा नेता गिरफ्तार

**हरदोई.एजेंसी।** भगवान श्रीराम और माता कौशल्या पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा नेता यदुनंदनलाल वर्मा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सपा ने भी उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया।

# इंदौर जिला फुटबॉल संघ के कार्यकारिणी सदस्यों का भव्य सम्मान समारोह संपन्न

**इंदौर।** जिला फुटबॉल संघ के यशस्वी अध्यक्ष रमेश मेंदोला के नेतृत्व में उनके निवास पर संघ के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं जिले के समस्त पंजीकृत फुटबॉल क्लब संचालकों का भव्य सम्मान समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत औपचारिक बैठक एवं स्नेह भोज का आयोजन भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।



समारोह में वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से इंदौर के जिला प्रभारी राकेश सिरसिया जगदीशचंद खोड़े, अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, शिवकुमार भमौर, विनोद कल्याणे, जेंट्स मार्टिन, अंकित चिराउड़े, सचिव नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, गोपाल धवन, सविता वर्मा, फूलवती वर्मा, अंकित चिराउड़े, इनामुलहक, नितेश सोनकर, रमीज राजा, आकाश भमौर, अंश सिरसिया सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान संघ की आगामी योजनाओं एवं गतिविधियों पर गहन एवं सकारात्मक चर्चा की गई। इसमें खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास हेतु स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, ग्रासरूट स्तर को सशक्त बनाने के लिए बेबी लीग, अस्मिता खेलो इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता, ग्रीष्मकालीन फुटबॉल कैंप तथा इंदौर महू में विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

अध्यक्ष रमेश मेंदोला ने अपने उद्बोधन में सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करने, अनुशासन एवं समयबद्धता के साथ सभी गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संघ के समन्वित प्रयासों से इंदौर जिले में फुटबॉल को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अमित शुक्ला ने किया आभार इंदौर प्रभारी राकेश सिरसिया द्वारा व्यक्त किया गया।



# देव्ज एकेडमी का खिताब पर कब्जा

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वाधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित एवं संजय लुणावत फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित प्रभा सुरेशचन्द्र लुणावत अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा का फायनल मैच देव्ज एकेडमी एवं श्रीमरा स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 8 विकेट के नुकसान पर 205 रन बनाए। क्रिशिव कुशवाह ने 83 रन, प्रणय एस चौहान ने 44 रन एवं अक्षिक बंसल ने 36 रनों का योगदान दिया । इजान खान ने 2 विकेट लिए । जवाब में श्रीराम स्पोर्टस की टीम 35 ओवरो में सभी विकेट खोकर 85 रन ही बना पाई और यह मैच 120 रनों के विशाल अंतर से हार गई । भव्य गोठी ने सर्वाधिक 27 रन बनाये। प्रणय एस चौहान ने 3 विकेट तथा रिधान एवं हर्षित ने 2-2 विकेट लिये।



# इंदौर के विशाल और नितिन को राष्ट्रीय मास्टर्स बैडमिंटन स्पर्धा में कांस्य पदक

**इंदौर।** मप्र के विशाल चांदवानी और नितिन लश्करी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए योनेक्स सनराइज 48 वीं भारत मास्टर्स राष्ट्रीय बैडमिंटन स्पर्धा में 45द्द पुरुष युगल में कांस्य पदक हासिल किया । गोआ में हुई इस स्पर्धा में इंदौर के विशाल चांदवानी और नितिन लश्करी 45द्द पुरुष युगल एवं रिशु राय और नादिया मुजुमदार 40द्द महिला युगल के सेमीफाइनल तक खेले। इंदौर के विशाल चांदवानी और नितिन लश्करी ने क्वार्टर फाइनल में जयेंद्र ढोले और आशीष खेडिकर को 16-21, 21-14,22-20 से हराया। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्ष डा अनिल भंडारी, सचिव आरपी सिंह नैयर, सह सचिव धर्मेश यशलहा और प्रकाश धाकड़, सुधांशु व्यास और मनीष त्रिवेदी आदि ने इंदौर के सफल खिलाड़ियों को बधाई दी हैं । विशाल इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन के कोषाध्यक्ष हैं। 40+ महिला युगल में इंदौर की रिशु राय और नादिया मुजुमदार को भी कांस्य पदक मिला।

# आर्य बम और ओमिशा मेहता को दोहरी सफलता

## अदविक, अर्णव, याशि, मायरा, दिव्या और अवयुक्त को भी खिताब

**इंदौर।** अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दूसरी अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा में ओमिशा मेहता और आर्य बम ने दोहरी सफलता हासिल की। याशि भुमार्कर ने 9 वर्ष, मायरा भुमार्कर ने 11वर्ष, ओमिशा मेहता ने 13और 15वर्ष एवं दिव्या गुर्जर ने 17 वर्ष बालिका खिताब जीता । अदविक सोलंकी ने 11वर्ष, अर्णव गौर ने 13वर्ष एवं आर्य बम ने 15 और 17 वर्ष बालक एकल के खिताब जीते । अवयुक्त गुलहाटी 9वर्ष आयु वर्ग में अव्वल रहे, बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसोसिएशन (बिटोआ) उपाध्यक्ष धर्मेश यशलहा ने पुरस्कार वितरण किया ।



अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में हुई स्पर्धा में शटलर्स हब के आर्य बम ने 17 वर्ष बालक एकल फाइनल में ओलम्पस के अनय कृष्ण बिंजु को 15-21, 21-12, 21-11 से हराया । आर्य बम ने 15वर्ष बालक वर्ग में अक्षत सिन्हा को 21-10,21-6 से आसानी से पराजित किया, न्यू दिगम्बर पब्लिक स्कूल की ओमिशा मेहता ने ड्यूक की आरिशा जायसवाल को 13वर्ष बालिका खिताबी मुकाबले में 21-9,21-8 से और 15वर्ष बालिका फाइनल में 21-8, 21-14 से हराया, 9वर्ष बालिका वर्ग में याशि भुमार्कर ने पहले क्रम की किआरा दासगुप्ता को 15-8,7-15,15-11 से हराकर उलटफेर किया । याशि की बडी बहन मायरा भुमार्कर ने 11वर्ष बालिका फाइनल में किआरा दासगुप्ता को 15-8, 13-15, 15-14 से हराया । 17वर्ष बालिका खिताबी मुकाबले में दिव्या गुर्जर ने वैष्णवी मिश्रा को 21-7,21-8 से पराजित किया । 13वर्ष बालक एकल फाइनल में अर्णव गौर ने आरुष आर्य को 23-21, 21-13 से हराया, 11वर्ष बालक एकल फाइनल में अदविक सोलंकी ने प्रनमय तारे को 21-10, 21-17 से पराजित किया । 9वर्ष आयु वर्ग में एरेना के अवयुक्त गुलहाटी ने याशि भुमार्कर को 15-7,15-8 से हराया । अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी की काश्वी कुशवाह ने नयोनिका नरवले को 15-9, 15-9 से हराकर 9वर्ष बालिका वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 15 और 17 वर्ष बालिका में सरताज अकादमी की नायशा पुरोहित, 13 वर्ष बालिका में आध्या तलाटी एवं 11वर्ष बालिका में ओलम्पस की दिवा गुलाटी तीसरे स्थान पर रही, तीसरे स्थान के मुकाबले में 11वर्ष बालक वर्ग में जसराज सिंह छाबड़ा ने निश्चय कुशवाह को 15-13,15-7 से और 13वर्ष बालक एकल में अरेना के अरिंजय कृष्ण बिंजु ने अदविक सोलंकी को 15-9,15-14 से हराया, 15 वर्ष बालक एकल में आरुष आर्य ने शिवांश शर्मा को 15-8,15-10 से और 17 वर्ष बालक एकल में आर्जव मरघदे ने हार्दिक धुलिये को 15-8, 15-12 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया । धर्मेश यशलहा ने पुरस्कार वितरण किया । हर्ष सरग ने संचालन किया । विजेता और उपविजेता के साथ ही तीसरे स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।

# विक्रम स्पोर्ट्स क्लब को दोहरी सफलता

**इंदौर।** विक्रम स्पोर्ट्स क्लब ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिताओं में दोहरी सफलता हासिल की है। ग्राम मंडावला द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में आर सीसी भोपाल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतीक चौधरी सर्वश्रेष्ठ रेडर रहे । वहीं दूसरी कबड्डी प्रतियोगिता मां भगवती भक्त मंडल बड़नगर द्वारा आयोजित की गई वहां पर भी आरसीसी भोपाल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कप्तान रितेश नरवले और टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। सौरव ठाकुर प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। संस्था द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। जीत पर राजू चौहान, अशोक मिश्रा, रामप्रकाश गौतम, सन्नी चौहान, मन्नालाल बिंदोरिया, परमजीत सिंह पम्मी, हरीश डागुर, सुनील ठाकुर एवं टीम कोच लक्ष्मण गीते, भागीरथ, जरिया, राजेंद्र कशीद ने बधाई दी।




# सौम्य व जसपाल की उम्दा पारी से इंदौर संभाग की रोमांचक जीत

**इंदौर।** एमपीसीए द्वारा आयोजित अंतर संभागीय एस.एम. खान अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर संभाग एवं उज्जैन संभाग के मध्य डेली कॉलेज में मैच खेला गया जिसमें उज्जैन संभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरो में 214 रनों पर अपने सभी विकेट खो दिए। राजदित्य सिंह ने नाबाद 50 रन एवं विजय खरोल ने 42 रन बनाये । विवान पाण्डे ने 4 विकेट तथा प्रतिक दुबे व मोहित पटेल ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में इन्दौर संभाग की टीम ने 48 ओवरो में 9 विकेट खोकर 216 रन बनाकर यह मैच 1 विकेट से रोमांचक अंदाज में जीत लिया। सौम्य पाटीदार ने नाबा 66 रन, जसपाल सिंह ने 60 रन एवं नंद कागथारा ने 40 रनों का योगदान दिया। राहुल गंगवार व भावेश जाट ने 3-3 विकेट लिए ।

# तुषारा फिटनेस टेस्ट में हुए फेल पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे

**बेंगलुरु।** गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच से पूर्व करारा झटका लगा जब तेज गेंदबाज नुवान तुषारा आज से शुरू हो रहे टूर्नामेंट के शुरुआती चरण से बाहर हो गए। यश दयाल पहले ही टीम में नहीं हैं और जोश हेजलवुड के भी शुरुआती चरण में खेल पाने की संभावना नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि श्रीलंका बोर्ड के अनिवार्य फिटनेस टेस्ट में तुषारा पास नहीं हो पाए हैं। श्रीलंका क्रिकेट के चीफ एग्जीक्यूटिव एश्ले डी सिल्वा ने बताया कि तुषारा फिटनेस टेस्ट के दौरान 29 में से 17 पास स्कोर हासिल नहीं कर पाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मार्कशीट में मेरा नाम **अर्थेन्द्र कुमार मिश्रा** दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम **अर्थेन्द्र मिश्रा** है और सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम **अर्थेन्द्र मिश्रा** दर्ज है। भविष्य में अब मुझे **अर्थेन्द्र मिश्रा** के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**अर्थेन्द्र पिता चंद्रशेखर मिश्रा**
**12 अम्बिकापुरी मेन एयरपोर्ट रोड इन्दौर 452005**

# आज से शुरू होगी चौकों छक्कों की बरसात

## पहला मैच बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच





## इंदौर के रजत लगातार दूसरे साल आरसीबी की कर रहे कप्तानी

**बेंगलुरु।** कहते हैं कि क्रिकेट एक 'जेंटलमैन' (भले लोगों) का खेल है। दूसरी ओर आईपीएल एक ऐसा उत्सव है जहां ये जेंटलमैन कभी-कभी बच्चों जैसा बर्ताव करने लगते हैं और आज की रात चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह फिर से शुरू होने जा रहा है। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

पिछले साल जब आरसीबी ने आखिरकार अपना पुराना 'मनहूस सिलसिला' तोड़ा और आईपीएल की ट्रॉफी जीती, तो जीत का जश्न एक दुखद घटना में बदल गया। स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ ने जीत की खुशी को फीका कर दिया; इस घटना में 11 फैंस की जान चली गई और अधिकारियों को सवालों के जवाब ढूंढने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा।

तब से लेकर अब तक, स्टेडियम के दरवाजों को नए सिरे से बनाया गया है, भीड़ को काबू करने के इंतजाम और भी ज्यादा सख्त कर दिए गए हैं और इमरजेंसी के लिए बनाए गए नियमों में भी सुधार किया गया है। उम्मीद है कि इन सब बातों से सबक सीखा गया होगा, आज रात फैंस बिना किसी डर के अपनी टीम का हौसला बढ़ा पाएंगे और शायद इस जोश-खरोश के साथ-साथ उन्हें थोड़ी-बहुत इज्जत भी नसीब हो पाएगी। मैदान की बात करें तो चिन्नास्वामी स्टेडियम बल्लेबाजों के लिए किसी जन्नत से कम नहीं है। पिच एकदम सपाट और तेज है, और बाउंड्री भी ज्यादा दूर नहीं हैं - गेंद हवा में ऐसे उड़ती है, मानो गुरुत्वाकर्षण ही छुट्टी पर चला गया हो। टॉस की अहमियत तो होती ही है, लेकिन कोई चालाक गेंदबाज या कोई जबरदस्त शॉट कुछ ही ओवरों में पूरे खेल का पासा पलट सकता है।

### संभावित प्लेइंग 11

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फिल साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जैकब डफी

**सनराइजर्स हैदराबाद :** हेनरिक क्लासेन, इशान किशन (कप्तान), अनिकेत वर्मा, टीएम हेड, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, लियाम लिविंगस्टोन, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, ब्राइडन कार्से, शिवम मावी

## मध्यप्रदेश जूनियर मिक्स नेटबॉल टीम की घोषणा

**इंदौर।** भारतीय नेटबॉल संघ के तत्वाधान में उत्तरप्रदेश नेटबॉल एसोसिएशन के द्वारा द्वितीय जुनियर राष्ट्रीय मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता 29 से 31 मार्च तक श्री प्यारेजी महाराज स्पोर्ट्स एकेडमी, जौला, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में आयोजित होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम प्रतिनिधित्व करेगी इस टीम की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष मंयक द्विवेदी ने की। उक्त जानकारी सचिव लक्ष्मण दातीर ने दी। इन सभी खिलाड़ियों एंव कोच को गोविंद सिंह बघेल, राजेश सोनी, मनोज फनसे, माखन मडले, श्री डॉ. मनीष जायसवाल, धनश्याम करोले, जतिन थोरात, राजेश मंहत, अभिषेक मुकाती, सुमित खिंची, प्रणव भोंडवे, ने बधाई दी। मध्यप्रदेश जुनियर मिक्स नेटबॉल टीम की सुची निम्नानुसार है।

**टीमः** प्रियशी परमार (कप्तान), नेहा राठोर, भुम्मी गोडके, अन्नया शुक्ला, अनामीका गोरेडवाल, सेजल पाटिल, पुरवेश भादेकर, राज पाठक, श्रेयांश शुक्ला, तुषार भाष्कर, गजेन्द्र महाजन, मुदसिर मन्सुरी।

**कोचः** लक्ष्मण दातीर, **मेनेजरः** राहुल गोले ।



## ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** फीनिक्स मॉल में इंदौर कप ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन केमछो इवेंट्स द्वारा किया गया। 400 से अधिक खिलाड़ी और उनके अभिभावक, दर्शक मौजूद रहे। श्रेया अनासाने, डॉ. अशुल जैन ने बताया कि यह प्रतियोगिता पीयूष, अमित, जयप्रकाश, माया, अक्षय, यश, कनक और आकाश के निर्देशन में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। भाग लेने वालों को प्रमाण-पत्र और मेडल भी दिए। उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वालों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। लक्षिता गेम, प्रियल झरिया, अंश गेरिया ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए इंदौर कप ट्रॉफी अपने नाम की।

## खन्नी ने व्हीलचेयर फेंसिंग खिलाड़ी के रूप में की शिरकत




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पैरालंपिक कमिटी ऑफ इंडिया के तत्वाधान में दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा इनडोर हॉल, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग प्रतियोगिता में इंदौर के उभरते हुए खिलाड़ी लवनीश खन्ना ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर एक नई पहचान बनाई। खन्ना की सफलता में कोच मास्टर सईद आलम का विशेष योगदान रहा।

## इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट आज से

**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट का भव्य आयोजन इंदौर टेनिस क्लब में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक किया जा रहा है। क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले 28 और 29 मार्च 2026 को खेले जाएंगे। टूर्नामेंट डायरेक्टर परीक्षित शर्मा ने बताया कि प्रदेश व शहर के जूनियर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिलने जा रहा है। शनिवार सुबह से इंदौर टेनिस क्लब में क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले शुरू हो जाएंगे। क्वालीफाइंग दौर में जीतने वाले खिलाड़ियों को मुख्य दौर में खेलने की पात्रता मिलेगी। क्वालीफाइंग दौर में मध्यप्रदेश के भी ओजस मिश्रा, नैतिक जैन, रूहान तलरेजा अपनी चुनौती पेश कर रहे है। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट के माध्यम से खिलाड़ियों को एशियाई रैंकिंग अंक प्राप्त होंगे।

## रोहित की फिटनेस देख नीता अंबानी हो गईं हैरान

**मुंबई।** नीता अंबानी शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों से मिली। इस दौरान वह रोहित शर्मा को देखकर पहचान नहीं सकी। उन्होंने रोहित से मिलने पर कहा कि वह काफी यंग लग रहे हैं और इस वजह से वह उन्हें पहचान नहीं पाई। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए बतौर बल्लेबाज खेलने के लिए तैयार हैं। रोहित टी20 और टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे में खेलते हुए नजर आते हैं। हालांकि वनडे सीरीज काफी कम हो रही हैं, ऐसे में खुद को फिट रखने के लिए रोहित पहले से ज्यादा मेहनत कर रहे हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता अंबानी मुंबई के खिलाड़ियों और स्टाफ से मिल रही थी, इस दौरान वह रोहित से भी मिली। हालांकि उन्होंने कहा कि वह पूर्व कप्तान को पहचान नहीं सकी। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें नीता अंबानी मुंबई के बल्लेबाज रोहित शर्मा को देखने के बाद हैरान रह गईं। उन्होंने कहा, रोहित मैं तुमको पहचान नहीं सकी, तुम काफी युवा लग रहे हो। रोहित तारीफ सुनने के बाद मुस्कुराते हुए दिखे। इस दौरान वह कीरोन पोलार्ड से भी मिली, जोकि लंबे समय से टीम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने अपने परिवार के एक सदस्य से पोलार्ड को 'पोली काका' कहकर मिलवाया।

# गोल्फ किंग टाइगर वुड्स गिरफ्तार फ्लोरिडा में पुलिस ने पकड़ा

**नई दिल्ली ।** गोल्फ की दुनिया के बेताज बादशाह और 15 बार के मेजर चैंपियन टाइगर वुड्स एक बार फिर कानूनी मुश्किलों में घिर गए हैं। 50 वर्षीय वुड्स को फ्लोरिडा में 'ड्राइविंग अंडर द इन्फ्लुएंस' संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और कानूनी जांच में सहयोग न करने के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना तब हुई जब जुपिटर आइलैंड स्थित उनके घर के पास उनकी लैंड रोवर कार पलट गई। फिलहाल उन्हें मार्टिन काउंटी जेल में रखा गया है जहां फ्लोरिडा के कानून के मुताबिक उन्हें कम से कम 8 घंटे हिरासत में रहना होगा।

हैरानी की बात यह है कि गिरफ्तारी के बाद जब वुड्स का ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट किया गया तो उसमें अल्कोहल की मात्रा शून्य पाई गई। हालांकि उन्होंने यूरिन टेस्ट कराने से इनकार कर दिया। पुलिस का कहना है कि वुड्स किसी तरह की दवा या ड्रग्स के प्रभाव में लग रहे थे भले ही उनकी गाड़ी से कोई संदिग्ध पदार्थ बरामद नहीं हुआ है। याद रहे कि इससे पहले 2017 में भी उन्हें इसी तरह



के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद उन्हें प्रोबेशन और कम्युनिटी सर्विस की सजा सुनाई गई थी।

टाइगर वुड्स पिछले कुछ सालों से अपनी चोटों और फिटनेस से जूझ रहे हैं। साल 2021 में कैलिफोर्निया में हुए एक भीषण कार हादसे ने उनके करियर को लगभग ब्रेक लगा दिया था जिसमें उनके पैरों में कई फ्रैक्चर हुए थे। अपनी वापसी और शारीरिक चुनौतियों पर बात करते हुए पिछले महीने जेनेसिस इनविटेशनल के दौरान वुड्स ने कहा था, 'मैं कोशिश कर रहा हूं बस इतना ही कह सकता हूं। डिस्क रिप्लेसमेंट और बैक फ्यूजन जैसी सर्जरी के बाद वापसी करना चुनौतीपूर्ण है। अब जब मैं जीवन के एक नए दशक (50 साल) में प्रवेश कर चुका हूं तो यह अहसास गहरा रहा है कि अब चैंपियंस टूर पर गोल्फ कार्ट का उपयोग करने का अवसर मिल सकता है। मैं मुख्य पीजीए टूर पर इसका इस्तेमाल नहीं करुंगा क्योंकि मैं इसमें विश्वास नहीं रखता लेकिन चैंपियंस टूर पर यह निश्चित रूप से एक विकल्प है।'

इस ताजा विवाद ने अगले महीने होने वाले मास्टर्स टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा था कि उन्होंने यूएस सीनियर ओपन के लिए पंजीकरण कराया था और वे सीनियर सर्किट (चैंपियंस टूर) पर अपनी नई पारी शुरू करने की योजना बना रहे थे लेकिन इस गिरफ्तारी ने उनके फैंस को निराश कर दिया है। अब देखना यह होगा कि कोर्ट का फैसला आने के बाद उनके गोल्फिंग करियर की अगली दिशा क्या होती है।

# ऑपरेशन फेस...84 फर्जी सिम सक्रिय करने वाला आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन फेस के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी सिम कार्ड सक्रिय करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दूरसंचार कंपनियों के लक्ष्य पूरे कर अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि पाने के लालच में अपने ही फोटो का उपयोग कर करीब 84 सिम कार्ड फर्जी तरीके से चालू किए थे। पुलिस के अनुसार, राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एक ही व्यक्ति के चेहरे का उपयोग कर सिम सक्रिय करने वालों की पहचान की जा रही थी। जांच के दौरान इंदौर से जुड़े तीन संदिग्ध चेहरों की पहचान की गई, जिनमें से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी विपिन मगरदे निवासी बैतूल को चिन्हित कर पकड़ा। जांच में सामने आया कि उसने वोडाफोन आइडिया, एयरटेल और बीएसएनएल कंपनियों के सिम कार्ड फर्जी तरीके से सक्रिय किए। आरोपी विभिन्न व्यक्तियों के आधार कार्ड का दुरुपयोग कर सिम चालू करता था और विक्रय बिंदु एजेंट के रूप में अपनी बहन व मित्र के नाम का उपयोग करता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लक्ष्य पूरा होने के बाद वह सिम कार्ड निष्क्रिय कर देता था, जिससे कंपनियों से मिलने वाली अतिरिक्त राशि प्राप्त कर सके। अपराध शाखा ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# लोहे के पाइप से युवक के कान पर किया हमला

इन्दौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित अर्जुन नगर में आपसी विवाद के चलते घर के बाहर खड़े एक युवक पर उसके ही पड़ोसी ने बिना किसी ठोस कारण के गाली-गलौज की और विरोध करने पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। हमले में युवक के कान पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी राकेश डोडवे निवासी अर्जुन नगर की शिकायत पर आरोपी अनिल भंवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी राकेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के बाहर सामान्य रूप से खड़ा था, तभी वहीं रहने वाला आरोपी अनिल भंवर वहां पहुँचा और बिना किसी वजह के उसे गालियां देने लगा। जब राकेश ने अभद्र भाषा का विरोध किया और गाली देने से मना किया, तो अनिल आक्रोशित हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी अनिल ने पास में ही पड़ा नल का लोहे का पाइप उठा लिया और राकेश पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के दौरान लोहे का पाइप राकेश के बाएं कान पर जोर से लगा, जिससे कान फट गया और मौके पर ही खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देख आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला।

# कार पर स्टंट का वीडियो वायरल, युवक पर कार्रवाई कर 3 हजार का जुर्माना



इन्दौर। सोशल मीडिया पर कार के दरवाजे पर स्टंट करते हुए वायरल वीडियो के मामले में रावजी बाजार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना लगाया है।

पुलिस के मुताबिक, कुछ दिन पहले शहर के सोशल मीडिया ग्रुप्स में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति सफेद रंग की कार के दरवाजे पर खतरनाक स्टंट करता नजर आ रहा था। जांच के बाद युवक की पहचान विशाल वर्मा पिता राजेंद्र वर्मा निवासी जबरन कॉलोनी, रावजी बाजार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 3 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। साथ ही उससे माफी मंगवाते हुए भविष्य में इस तरह की हरकत न करने का वीडियो भी बनवाया।

# 2.70 लाख की ब्राउन शुगर के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

इन्दौर। शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राऊ थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घेराबंदी कर तीन शातिर ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार किया है, जो शहर की युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में धकेलने का काम कर रहे थे। आरोपियों के कब्जे से करीब 27 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2.70 लाख रुपये आंकी गई है।

बीती रात राऊ पुलिस की टीम क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग और गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गुरुकुल मैदान के पास सुनसान इलाके में कुछ संदिग्ध युवक मादक पदार्थ की डिलीवरी देने की फिराक में हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रंगवासा फाटा पर घेराबंदी की और एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। बाइक सवार अंकित उर्फ बाबा निवासी राजनगर, चंदन नगर और महिपाल उर्फ मोहित निवासी रंगवासा, राऊ को हिरासत में लेकर जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास से 27 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों से जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो इस नेटवर्क के एक अन्य साथी श्याम (पिता हरिधर बैरागी, निवासी राजनगर) का नाम सामने आया।



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सह-आरोपी श्याम को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2.70 लाख की ड्रग्स के साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्प्लेंडर मोटरसाइकिलभी जब्त की है। इस बड़ी सफलता में राऊ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौड़, उपनिरीक्षक प्रवीण जाधव, प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी, आरक्षक कमलेश चोरे, आरक्षक नारायण यदुवंशी, आरक्षक उपेंद्र, आरक्षक सुनील एवं साइबर सेल जोन-1 की टीम की सराहनीय और महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कोर्ट से बयान देकर लौट रही महिला को केस वापस लेने के लिए धमकाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित जिला कोर्ट परिसर में गवाही और बयान देकर अपने घर लौट रही एक महिला को आरोपी के भाई ने बीच रास्ते में रोक लिया। आरोपी ने महिला पर केस वापस लेने का दबाव बनाया और इनकार करने पर उसे व उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई है कि वह शनिवार को एक मामले में अपने बयान दर्ज कराने जिला कोर्ट आई थी। जब वह कोर्ट की कार्यवाही पूरी कर बाहर निकली और अपने घर जाने लगी, तभी उसका सामना अजय पिता कैलाश नागर निवासी सोनकच्छ, जिला देवास से हुआ। अजय ने महिला का रास्ता रोका और सीधे लहजे में कहा कि मेरे भाई विजय का जो केस चल रहा है, उसे तुरंत वापस ले ले।महिला ने जब केस वापस लेने से मना किया, तो अजय आगबबूला हो गया और सरेआम कोर्ट परिसर के पास गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने महिला को डराते हुए कहा कि अगर केस वापस नहीं लिया, तो तुझे और तेरे बेटे को जान से खत्म कर दूँगा।



# सरप्राइज टेस्ट... डीसीपी ने परखा डायल-112 का रिस्पॉन्स टाइम

इन्दौर। पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए ज़ोन-4 के डीसीपी आनंद कलादगी ने एक नया प्रयोग शुरू किया है। अब पुलिसकर्मियों को यह पता नहीं होगा कि कंट्रोल रूम से आने वाली सूचना असली है या परीक्षा। डीसीपी खुद रैंडम इवेंट जनरेट कर यह देख रहे हैं कि सूचना मिलने के बाद एफआरवी (डायल-112) की टीमें कितनी देर में मौके पर पहुँचती हैं। शुक्रवार को डीसीपी कार्यालय परिसर में ज़ोन-4 की सभी एफआरवी गाड़ियों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीसीपी ने केवल कागजी खानापूर्ति नहीं की, बल्कि वाहनों में लगे जीपीएस, वायरलेस सेट और अन्य तकनीकी उपकरणों की बारीकी से जांच की। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपात स्थिति में एक-एक सेकंड की कीमत होती है, इसलिए रिस्पॉन्स टाइम में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने फील्ड स्टाफ से सीधा संवाद किया और उन्हें ट्रैफिक के दबाव के बावजूद वैकल्पिक रास्तों का चुनाव करने तथा त्वरित निर्णय लेने के गुर सिखाए। उन्होंने साफ लहजे में चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी, जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**पानी पताशा गली में हाई वॉल्टेज ड्रामा**

# प्रेमी जोड़े को शादी का एग्रीमेंट करने से रोका जीजा-मौसा ने दी जान से मारने की धमकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित जिला कोर्ट परिसर के समीप उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब अपनी मर्जी से शादी का एग्रीमेंट करने पहुँचे एक प्रेमी जोड़े को लड़के के परिजनों ने बीच सड़क पर ही घेर लिया। शादी की कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने से रोकने के लिए लड़के के जीजा और मौसा ने युवती के साथ अभद्रता की और सरेआम उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक,फरियादी प्रीति ताहिर निवासी बाबा मनसब नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह और अरविंद एक-दूसरे को पसंद करते हैं और आपसी सहमति से शादी करना चाहते हैं। इसी सिलसिले में शनिवार को दोनों जिला कोर्ट के पीछे स्थित पानी पताशे वाली गली में शादी का एग्रीमेंट तैयार करवाने पहुँचे थे। प्रीति ने पुलिस को बताया कि जैसे ही वे कानूनी प्रक्रिया शुरू करने वाले थे, वहां अरविंद के जीजा आनंद अहिरवार और उसके मौसा बृजेश धमक पड़े। दोनों ने प्रीति को एग्रीमेंट करने से साफ मना किया और विरोध करने पर सरेराह गालियां देना शुरू कर दीं। जब प्रीति ने अपनी मर्जी से शादी करने की बात दोहराई, तो आरोपियों ने आपा खो दिया और उसे धमकाया कि, अगर अब तूने अरविंद से शादी करने की बात भी की, तो तुझे जान से खत्म कर देंगे।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।